हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



**अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विशेष** जमीन पर योग की तुलना में पानी के अंदर हस्तपादासन, शीर्षासन व पद्मासन तनाव को कम करता है

# शक्ति, भक्ति और मुक्ति का महा-योग....

*देश की पुरातन योग विद्या ने आज अंतराष्ट्रीय क्षितिज छू लिया है। ज्ञानी, ध्यानी और संतों ने इसे ऐसा विस्तार दिया है कि देश से विदेश तक इसका प्रभाव देखा जा रहा है। योग से सेहत दुरुस्त होती है, शारीरिक शक्ति में इजाफा और आध्यात्मिक ऊर्जा को प्रवाह मिलता है। छत्तीसगढ़ में भी ऐसे योगी हुए हैं जो इस विद्या को परवान चढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे। योग से सेहत भी सुधर रही, ऐसा मरीज ही नहीं, डॉक्टर भी मान रहे। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर हरिभूमि टीम ने ऐसे ही योगाचार्यों से बात की, मरीजों को टटोला और ऐलोपैथी में इलाज करने वाले डॉक्टरों की भी राय ली। सबने माना-योग का महायोग तंदरुस्ती के लिए जरूरी है...।*

## पानी की गहराई में अनोखा योग, 10 मिनट तक सांसें रोककर शीर्षासन और पद्मासन



ललित राठोड़ ▶▶| रायपुर

जमीन पर मैट बिछाकर योग करते लोगों को जरूर देखा होगा, लेकिन सांसों को रोककर पानी के अंदर शरीर का संतुलन बनाते हुए शीर्षासन, पद्मासन व हस्तपादासन करते नहीं देखा गया। बदलते समय के साथ अब राजधानी में योग करने का तरीका भी ▶▶|शेष पेज 8 पर

### तीन सालों से अंडरवाटर योगासन

शहर के मुकेश पटेल रोजाना 1 घंटे ताड़ासन, वृक्षासन, कोणासन, गरुड़ासन अंडरवाटर योगासन करते हैं। उनका कहना है कि पानी में योग करने से सांसों की समस्या कभी नहीं ▶▶|शेष पेज 8 पर

## योग भगाए रोग.... बोलने में थी दिक्कत, अब सब ठीक

विकास शर्मा ▶▶| रायपुर

निरोग रहने के लिए योग जरूरी है... यह कहावत पुरातन काल से अब तक चरितार्थ हो रही है। नियमित योगाभ्यास से जीवनशैली से जुड़ी परेशानियों के साथ कई तरह की गंभीर बीमारियों का भी समाधान बिना दवा के हो जाता है। चिकित्सकों ने ▶▶|शेष पेज 8 पर



### व्यक्तिगत के साथ समाज हित में

आयुर्वेद चिकित्सालय के स्वास्थ्यवृत एवं योग विभाग की डॉ. सस्मिता त्रिपाठी ने बताया कि योग का ▶▶|शेष पेज 8 पर

### तीन सौ का शुगर अब 170 में सिमटा

तात्यापारा में रहने वाले किशोर गिरी भट्ट ने बताया कि उनका शुगर खतरनाक स्टेज तक पहुंच चुका था।



चिकित्सकों ने कई तरह के खानपान से उन्हें परहेज करने की सख्त हिदायत दे रखी थी। इस बीच वे इलाज के लिए आयुर्वेद ▶▶|शेष पेज 8 पर

### दैनिक जीवन शैली का हिस्सा बनाएं



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेशवासियों को दशम् अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि योग मूल रूप से शरीर, मन और आत्मा को शुद्ध करने की एक प्रक्रिया है। उन्होंने इसे जीवन शैली का हिस्सा बनाने की अपील की है।

## ढाई दशक से हठयोग पर बालयोगी बाबा सत्यनारायण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़

योग को सामान्य अर्थो में कायिक सुख और आरोग्य का महत्वपूर्ण तथा प्राचीन माध्यम माना जाता है किंतु योग के अष्टांगों में से एक योग ऐसा भी है जो भक्ति और मुक्ति का मार्ग प्रशस्त करता है, इसे हठयोग कहते हैं। रायगढ में शहर के करीब स्थित कोसमनारा गांव इस हठयोग का साक्षात प्रमाण है जहां ढाई दशक यानि 25 सालों से बालयोगी बाबा सत्यनारायण ने अपने हठयोग से इसे एक तपोस्थली के रुप में स्थापित कर दिया है। हठयोग भी ऐसा कि बाबा 25 साल से एक ▶▶|शेष पेज 8 पर

- चमत्कारी तीर्थ का रूप ले चुकी कोसमनारा तपोस्थली




**T20 world cup स्कोर बोर्ड**

भारत 181/8 VS अफगानिस्तान 134/10
47 रन से जीता भारत
53 रन : सूर्याकुमार यादव प्लेयर ऑफ द मैच

वेस्टइंडीज 180/4 VS इंग्लैंड 181/2
8 विकेट से जीता इंग्लैंड
87* रन : फिल साल्ट प्लेयर ऑफ द मैच

**आज के मैच**
आस्ट्रेलिया VS बंगलादेश
समय : सुबह 6 बजे
इंग्लैंड VS द. अफ्रीका
समय : रात 8 बजे

निर्वाचन आयोग ने जारी किया आदेश, कुछ विधानसभा के लिए भी आवेदन

# छत्तीसगढ़ के कांकेर की ईवीएम भी खुलेगी छह राज्यों की आठ सीटों के लिए फरमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

निर्वाचन आयोग को चार जून को लोकसभा चुनाव परिणाम की घोषणा के बाद ईवीएम में लगी माइक्रो-कंट्रोलर चिप में छेड़छाड़ या हेरफेर संबंधी सत्यापन के लिए भाजपा और कांग्रेस सहित अन्य दलों के उम्मीदवारों से आठ आवेदन मिले हैं। ईवीएम में छेड़छाड़ के संदेह को 'निराधार' करार देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने 26 अप्रैल को मतपत्र से मतदान कराने की पुरानी प्रणाली को फिर से शुरू करने की मांग खारिज कर दी थी। मामले की सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत ने कहा था कि उम्मीदवार चाहे तो चुनाव परिणाम घोषित होने के सात दिन के भीतर परिणाम की दोबारा जांच की मांग कर सकता है। ऐसी स्थिति में माइक्रो-कंट्रोलर की मेमोरी की जांच इंजीनियर के द्वारा की जाएगी। अदालत ने इसके साथ ही यह भी साफ कर दिया था कि इस जांच का खर्च उम्मीदवार को उठाना होगा। अदालत ने कहा था कि चुनाव परिणाम में गड़बड़ी साबित होने की स्थिति में उम्मीदवार को सारा ▶▶|शेष पेज 8 पर

*निर्वाचन आयोग ने छत्तीसगढ़ के कांकेर समेत 6 राज्यों की 8 लोकसभा सीटों पर चुनाव में ईवीएम में गड़बड़ी की शिकायत की जांच के आदेश दिए हैं। इनमें छत्तीसगढ़ की कांकेर सीट है। इसके अलावा हरियाणा-तमिलनाडु की दो सीटें, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, तेलंगाना की एक-एक सीटें हैं। 8 सीटों में से भाजपा को 3, कांग्रेस को 2 सीटों में जीती मिली थी। अन्य पार्टियों ने 3 सीटों में जीत दर्ज की थी। आयोग 90 मतदान केंद्रों की जांच करेगा।*

### इन लोकसभा में जांच की मांग

- छत्तीसगढ़, कांकेर-
- महाराष्ट्र, अहमदनगर
- हरियाणा-करनाल -
- हरियाणा-फरीदाबाद-
- आंध्र प्रदेश-वाईएसआरसीपी-
- तमिलनाडु- देसिया- डीएमडीके
- तमिलनाडु-वेल्लोर - भाजपा
- तेलंगाना-जहीराबाद- भाजपा

### 92 मतदान केंद्रों की ईवीएम सत्यापन की मांग




### 30 दिन के भीतर भेजनी होगी सूची

एसओपी के अनुसार, संबंधित राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को परिणाम घोषित होने की तारीख से 30 दिन के भीतर चार जुलाई तक आवेदकों की समेकित सूची निर्माताओं को भेजनी होगी। निर्वाचन आयोग ने कहा कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी तय समय से 15 दिन पहले ही निर्माताओं को इस बारे में बता चुके हैं।

### विधानसभा के लिए भी आवेदन

इसके अलावा, आंध्र प्रदेश और ओडिशा से क्रमशः वाईएसआरसीपी और बीजू जनता दल (बीजद) के उम्मीदवारों ने भी चार जून को विधानसभा चुनाव परिणाम की घोषणा के बाद ईवीएम जांच के लिए आवेदन किया है। आंध्र प्रदेश, ओडिशा, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश में विधानसभा चुनाव भी हुए थे। विधानसभा चुनाव परिणामों के सत्यापन के लिए जो आवेदन आए हैं उनमें कुल तीन विधानसभा क्षेत्र हैं, जहां 26 मतदान केंद्रों के संबंध में सत्यापन की मांग की गई है।


1800 वोट से हारने वाले बीरेश खुलवा रहे चार ईवीएम!

### कांकेर प्रत्याशी ने लगाया ईवीएम बदलने का आरोप

कांकेर सीट से बेहद करीबी मुकाबले में हारने वाले कांग्रेस प्रत्याशी बीरेश ठाकुर ने 4 केंद्रों के ईवीएम बदले जाने के आरोप लगाए थे। उन्होंने कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर को ज्ञापन सौंपकर संजारी बालोद, गुंडरदेही और सिहावा विधानसभा में ईवीएम जांच की मांग की थी। बीरेश ठाकुर ने कहा, मतदान के बाद जो ईवीएम के नंबर एजेंट को दिए गए थे, मतगणना के दिन वो कैसे बदल गए। निर्वाचन आयोग को इसका जवाब देना होगा। उन्होंने कहा, सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार जिस ईवीएम पर गड़बड़ी को आशंका हो, उसकी जांच करवाई जा सकती है।



## बलौदाबाजार हिंसा के बाद सर्जरी जारी, अब एएसपी एसडीओपी हटाए गए

- एएसपी अविनाश की जगह अब अभिषेक सिंह
- चंद्राकर को बनाया गया नया एसडीओपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बलौदाबाजार में पिछले दिनों सतनामी समाज के प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा और आगजनी की घटना के बाद सरकार ने तत्काल प्रभाव से जिले के कलेक्टर और एसपी को हटाया और निलंबित किया था, अब बलौदाबाजार के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) और अनुविभागीय पुलिस अधिकारी (एसडीओपी) भाटापारा आशीष अरोरा को भी हटा दिया गया है। इन दोनों अधिकारियों के तबादले किए गए हैं। राज्य ▶▶|शेष पेज 8 पर

### इन अधिकारियों के भी तबादले

राज्य सरकार द्वारा जारी आदेश के तहत अब हेमसागर सिद्वार को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार भाटापारा के रूप में पदस्थ किया गया है। वे इससे पहले अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉयल 112 जिला रायपुर में पदस्थ थे। एश्वर्या चंद्राकर उप पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑपरेशन जशपुर को अनुविभागीय अधिकारी पुलिस बलौदाबाजार भाटापारा के पद पर पदस्थ किया गया है। कौशल किशोर वासनिक उप पुलिस ▶▶|शेष पेज 8 पर

### बलौदाबाजार हिंसा में अब तक 137 गिरफ्तार

बलौदाबाजार में पिछले दिनों सतनामी समाज के प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसक आगजनी की घटना को लेकर सरकार का कड़ा रुख सामने आया था। इस घटना के बाद सरकार ने जिले के पुलिस अधीक्षक और कलेक्टर को तत्काल प्रभाव से हटा दिया था। बाद में दोनों अधिकारियों को निलंबत कर दिया गया था। दूसरी ओर मामले की जांच के लिए एसआईटी भी गठित की गई है। बलौदाबाजार हिंसा की घटना को लेकर अब तक 137 लोगों की गिरफ्तार किया जा चुका है। अन्य फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है।

**खबर संक्षेप**

### भारत का जीत से आगाज अफगानिस्तान को हराया



**ब्रिजटाउन।** भारतीय क्रिकेट टीम ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 के सुपर-8 स्टेज की शुरुआत दमदार तरीके से की है। टीम इंडिया ने गुरुवार को बारबाडोस में खेले गए मैच में उलटफेर के लिए मशहूर अफगानिस्तान को एकतरफा अंदाज में हरा दिया। भारत ने ये मैच 47 रनों से अपने नाम किया। टीम इंडिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सूर्यकुमार यादव के अर्धशतक और हार्दिक पांड्या की बेहतरीन पारी के दम पर 20 ओवरों में सात विकेट खोकर 181 रन बनाए। अफगानिस्तान की टीम पूरे 20 ओवर खेलने के बाद 134 रनों पर ढेर हो गई।

### ईडी ने बीआरएस विधायक के परिसरों में की छापेमारी

**हैदराबाद।** ईडी ने कथित अवैध खनन से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में भारत राष्ट्र समिति के विधायक गुडेम महिपाल रेड्डी और उनके भाई गुडेम मधुसूदन रेड्डी के परिसरों पर छापेमारी की। महिपाल रेड्डी तेलंगाना की पाटनचेरु सीट से विधायक हैं।



## पेड़ से टकराकर कार दलपत सागर में गिरी, तीन की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित दलपतसागर मार्ग में बुधवार देर रात तेज रफ्तार कार पेड़ से टकराने के बाद दलपत सागर में समा गई। हादसे में कार सवार तीन युवकों की कार के अंदर ही दम घुटने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि पानी में गिरने के बाद कार के सभी डोर लॉक हो गए, जिससे कार सवार बाहर निकल नहीं पाए। जहां कार पानी में समाया, ▶▶|शेष पेज 8 पर

- घंटों मशक्कत के बाद सीएसपी व डीएसपी की मौजूदगी में निकाला गया शव

### देर रात धरमपुरा से जगदलपुर की ओर आने के दौरान हुआ हादसा



### मृतक एनएमडीसी में करते थे काम

सीएसपी उदित पुष्कर ने बताया कि कार काफी रफ्तार से आते हुए दलपत सागर मार्ग में सीधी सड़क के किनारे पेड़ से टकराकर पलटते हुए सागर ▶▶|शेष पेज 8 पर

आज जेल से आ सकते हैं बाहर

## केजरीवाल को शराब घोटाले में मिली जमानत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत मिल गई है। कथित शराब घोटाले में गिरफ्तार केजरीवाल को गुरुवार को राउज एवेन्यू कोर्ट ने बड़ी राहत देते हुए फैसला सुनाया। इससे पहले, सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल को 21 दिनों की अंतरिम जमानत दी थी। 2 जून को सरेंडर करके वह दोबारा तिहाड़ जेल गए थे।



### आज ड्यूटी जज के सामने होंगे पेश

ट्रायल कोर्ट ने कहा कि कल बेल बॉन्ड को ड्यूटी जज के सामने पेश किया जाएगा। केजरीवाल शुक्रवार को जेल से बाहर निकल सकते हैं। माना जा रहा है ईडी रिहाई से पहले दिल्ली हाई कोर्ट का रुख कर सकती है और निजली अदालत के आदेश पर रोक की मांग कर सकती है।

यूजीसी द्वारा वर्ष की शुरुआत में भी सूची जारी करते हुए दी गई थी चेतावनी

## लोकपाल अब भी नहीं, कृषि समेत छग के पांच सरकारी यूनिवर्सिटी डिफाल्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए देशभर के 108 विश्वविद्यालयों को डिफाल्ट घोषित किया गया है। इस सूची में छत्तीसगढ़ के भी पांच विश्वविद्यालय शामिल हैं। विवि ने यह कार्रवाई लोकपाल की नियुक्ति नहीं किए जाने के कारण की है। इसके पूर्व वर्ष की शुरुआत में यूजीसी द्वारा विश्वविद्यालयों को डिफाल्टर घोषित करने की चेतावनी देते हुए लोकपाल की नियुक्ति करने कहा गया था। उस वक्त सूची में प्रदेश के 12 विश्वविद्यालय शामिल थे। चेतावनी के बाद कई विश्वविद्यालयों ने आनन-फानन में लोकपाल की नियुक्ति कर ली, लेकिन कई ने इस चेतावनी को गंभीरता से नहीं लिया।

इसके बाद अंततः यूजीसी द्वारा इन्हें डिफाल्टर घोषित कर दिया गया है। गुरुवार को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने इस संदर्भ में आदेश जारी करते हुए डिफाल्टर ▶▶|शेष पेज 8 पर

- रविवि, सीएसवीटीयू सहित अन्य विश्वविद्यालयों में हो चुकी है लोकपाल की नियुक्ति

### छग के ये विवि हैं डिफाल्टर सूची में

- पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विवि
- इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर
- छत्तीसगढ़ कामधेनु विश्वविद्यालय, दुर्ग
- महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विवि, पाटन
- शहीद नंदकुमार पटेल विवि, रायगढ़

### समस्या निवारण के लिए

लोकपाल द्वारा विश्वविद्यालय में छात्रों के शिकायतों का निवारण किए जाने का प्रावधान है। अर्थात यदि छात्रों की समस्या का निवारण विश्वविद्यालय प्रबंधन अथवा संबंधित अधिकारी द्वारा नहीं किया जाता है तो छात्र लोकपाल के पास शिकायत कर सकते हैं। पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा पूर्व कुलपति प्रो.एसके पांडेय को लोकपाल नियुक्त किया गया है। अन्य विश्वविद्यालयों ने भी अपने स्तर पर नियुक्तियां की है। यूजीसी द्वारा किसी विवि को डिफाल्टर सूची में डाले जाने पर उसे अनुदान आयोग की योजनाओं का लाभ नहीं मिलता है। शासन द्वारा प्रदान की जाने वाली आर्थिक तथा अन्य तरह की सहायता से भी वे वंचित हो जाते हैं।




अंतर्राष्ट्रीय
योग
दिवस
21 जून 2024
हार्दिक शुभकामनाएं
योग
तन और मन रहे निरोग
योग से हमें असीम शांति मिलती है,
हम जीवन की चुनौतियों का सामना
शांति और धैर्य के साथ कर सकते हैं।
- श्री नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
मुख्यमंत्री
श्री विष्णु देव साय के
सोशल मीडिया हैंडल से जुड़ने
के लिए यह क्यूआर कोड
स्कैन करें ...
श्री विष्णु देव साय
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास
Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


खुले बाजार में यूरिया, पोटाश, डीएपी व बीज के बढ़े दाम से किसान परेशान



**खाद की कीमत (प्रति बोरी)**

| खाद | सोसायटी | खुला मार्केट |
|---|---|---|
| यूरिया | 266 | 270-300 |
| पोटाश | 1625 | 1700-1800 |
| डीएपी | 1350 | 1400-1600 |
| जिंग सल्फेट | 550 | 600-800 |
| सुपर फास्फेट | 510 | 520-550 |

जगदलपुर जिले में बिना खातेदार वाले किसान बाजार से महंगे दामों में ले रहे खाद

### खाता खुलाकर लाभ लें



सोसाइटी से सिर्फ खातेदार को ही शासकीय दामों में खाद मिलेगी। किसान को प्रति हेक्टयर के लिए 17 हजार 400 रुपए की खाद दी जा रही है।
**- सोनू राव, प्रबंधक,** आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित, जगदलपुर

# सोसाइटियों में खाद की लिमिट तय, इसलिए खुले बाजार से खरीदी, 266 की यूरिया की कीमत 300 से ज्यादा

मानसून की दस्तक के साथ खरीफ के लिए किसानों ने बुवाई के साथ साथ खाद-बीच के लिए मशक्कत शुरू कर दी है। कुछ को छोड़कर ज्यादातर सहकारी सोसाइटियों में खाद का स्टॉक अभी पर्याप्त है, लेकिन प्रति हेक्टेयर खाद की मात्रा निर्धारित होने की वजह से किसानों को खुले मार्केट से भी डीएपी, पोटाश और यूरिया के साथ राखड़ की खरीदी करनी पड़ रही है, जो काफी महंगी है। बस्तर में 266 रुपए की यूरिया खुले मार्केट में 300 रुपए से ज्यादा में मिल रही है। पोटाश और डीएपी के भी ज्यादा दाम चुकाने पड़ रहे हैं। चूंकि अभी खाद की ब्लक में जरूरत नहीं है, इसलिए कालाबाजारी की शिकायत भी सीमित है। सोसाइटियों में स्टॉक खत्म होने के बाद इसकी आशंका ज्यादा रहती है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर, कवर्धा, जगदलपुर, दुर्ग, राजनांदगांव

हरिभूमि लाइव

छत्तीसगढ़ में खरीफ फसल के लिए किसान खेती-किसानी में जुट गए हैं। इसके लिए किसानों को बीज के साथ यूरिया, पोटाश, डीएपी की जरूरत होती है। इसके लिए हर साल शासकीय सोसाइटियों में बीज और खाद का भंडारण किया जाता है, जिसका वितरण मांग के अनुसार किसानों ▶▶ शेष पेज 8 पर



**खाद की कोई कमी नहीं:** प्रदेश में खाद की कोई कमी नहीं है। पिछले साल के अनुसार ही खाद का आबंटन किया गया है। समितियों से मांग के अनुरूप किसानों को वितरण किया जा रहा है। -रमेश शर्मा, एमडी मार्कफेड

### दुर्ग जिले में डीएपी और यूरिया के टारगेट में कटौती

दुर्ग जिले में किसान डीएपी खाद की समस्या से जूझ रहे हैं, वही कृषि विभाग ने डीएपी के भंडारण के टारगेट को कम कर 17225 से 16700 टन कम कर दिया है। इसके कारण ▶▶ शेष पेज 8 पर

### कवर्धा में मांग के अनुरूप पूर्ति नहीं

कवर्धा जिले में मानसून की दस्तक के साथ जिले के शहरी क्षेत्रों से लेकर ग्रामीण और वनांचल इलाकों में खाद बेचने वाले दुकानदार सक्रिय हो गए हैं और वे गुणवत्ता विहीन खाद को उच्चकोटी का बताकर सरकारी दामों से अधिक कीमत पर बेचकर जमकर मुनाफा कमाने ▶▶ शेष पेज 8 पर

जगदलपुर जिले के सोसायटियों में खाद का पर्याप्त भंडारण है, लेकिन सोसाइटी में सिर्फ खातेदार किसानों को ही खाद देने के नियम होने के कारण बिना खातेधारी किसानों की खाद नहीं मिल रहा है। इससे बिना खाते वाले किसानों को बाजारों से महंगे दामों में खाद खरीदना पड़ रहा है। लेम्पस किसानों की सर्वाधिक मांग डीएपी 45 किलो पैकेट 1350 रुपए में उपलब्ध होता है, बाजार में इसी खाद को किसान 1450 रुपये में क्रय कर रहे हैं। इसी तरह यूरिया प्रति पैकेट 266.50 में लेम्पस में मिलता है, जबकि यह बाजार में 320 से 500 रुपए तक में बिक रहा है। ▶▶ शेष पेज 8 पर

### रायपुर जिले में बाजार से महंगे दाम पर बीज व खाद ले रहे किसान

रायपुर जिले में भी किसानों को सोसाइटियों के अलावा बाजार से भी बीज और खाद खरीदना पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि कुछ सोसाइटियों में मांग के अनुसार बीज व खाद उपलब्ध नहीं है। इसके कारण उन्हें निजी दुकानों में जाकर बीज व खाद लेना पड़ रहा है। ग्राम निलजा निवासी घनश्याम वर्मा, दौलतराम बघेल, ग्राम दतांग निवासी बिहारीलाल ने बताया कि सोसाइटी में प्रति एकड़ के अनुसार निर्धारित बीज व खाद उन्हें मिला है, लेकिन उनकी मांग ज्यादा थी। इसके कारण बाजार से खरीदी करनी पड़ रही है।

inh 24x7 छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## अंततः मिली गर्मी से राहत... रायपुर सहित कई जिलों में झमाझम

# झमाझम के साथ मानसून की दुर्ग में दस्तक, राजधानी के करीब पहुंचा, चार दिनों में पूरा प्रदेश होगा कवर

*मानसून पर लगा ब्रेक अंततः हट गया है। गुरुवार को मानसून के दुर्ग प्रवेश के साथ राजधानी प्रवेश का रास्ता भी साफ हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार, मानसून दुर्ग होते हुए छग में गरियाबंद तक पहुंच गया है। यह राजधानी के करीब ही है। आने वाले एक से दो दिनों के अंतराल में मानसून रायपुर भी पहुंच जाएगा। रायपुर पहुंचने के दो दिन बाद मानसून पूरे छत्तीसगढ़ में छा जाएगा।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खास खबर

इस तरह से आने वाले चार दिनों के अंतराल में मानसून के पूरे प्रदेश में छा जाने के अनुमान है। आगे बढ़ता हुआ मानसून रायपुर सहित कई क्षेत्रों में झमाझम बारिश करा गया। बारिश की तीव्रता को देखते हुए रायपुर, दुर्ग, बालोद, बलौदाबाजार, खैरागढ़, मुंगेली, कांकेर, राजनांदगांव सहित आस-पास के दर्जनभर जिलों में वज्रपात के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया था। हालांकि खबर लिखे जाने तक वज्रपात से जन-धन की हानि की कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई थी।

मौसम विभाग के बुलेटिन के मुताबिक, गुरुवार को छत्तीसगढ़ में मानसून राजनांदगांव, दुर्ग धमतरी और गरियाबंद के कुछ हिस्से तक आगे बढ़ गया है। अगले 2 से 3 दिनों में इसके उत्तर की ओर बढ़ने की संभावना है। दक्षिण पश्चिम ▶▶ शेष पेज 8 पर

### 24 से 48 घंटों के भीतर राजधानी पहुंच जाएगा मानसून



### बंगाल की खाड़ी में सक्रिय हुआ सिस्टम

एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण बिहार और उसके आसपास 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण पूर्व मध्य बंगाल की खाड़ी और उससे लगे उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी के ऊपर 3.1 किलोमीटर से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश में अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में 1-2 स्थानों पर गरज चमक के साथ भारी वर्षा होने वज्रपात होने तथा अंधड़ चलने की भी संभावना है।

### दक्षिण को छोड़कर शेष हिस्से में गिरेगा पारा

प्रदेश के दक्षिणी भाग में अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है, किंतु शेष भाग में अधिकतम तापमान में गिरावट होने की संभावना बनी हुई है। भीषण गर्मी का सामना कर रहे रायपुर में तापमान 35.6 डिग्री पहुंच गया है। यह अब भी सामान्य से 1.9 डिग्री अधिक है। न्यूनतम तापमान भी सामान्य से 1.3 डिग्री अधिक 26.8 डिग्री दर्ज हुआ। सर्वाधिक तापमान 37.9 डिग्री बलरामपुर में दर्ज हुआ। सबसे कम 21.3 डिग्री नारायणपुर में दर्ज किया गया।

### नौ दिन बाद आगे बढ़ा मानसून अब होगी जमकर बारिश



*नई दिल्ली। नौ दिनों तक स्थिर रहने के बाद, आखिरकार मानसून अब आगे की ओर बढ़ने लगा है। अब कई राज्यों में बारिश होगी। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी। मौसम विभाग ने बताया कि मानसून विदर्भ, छत्तीसगढ़, ओडिशा, उत्तर-पश्चिमी बंगाल की खाड़ी, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और बिहार के कुछ हिस्सों की ओर आगे बढ़ गया है।*

#### महाराष्ट्र-ओडिशा में भी बारिश

*आईएमडी ने यह भी बताया है कि अगले तीन से चार दिनों में महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, ओडिशा के कुछ और हिस्सों, तटीय आंध्र प्रदेश और उत्तर-पश्चिमी बंगाल की खाड़ी और बिहार और झारखंड के कुछ हिस्सों, गंगीय पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों में दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं।*

#### आज से झारखंड में झमाझम

*21 से 24 जून तक बिहार में, 21 जून को झारखंड तथा 23 और 24 जून को अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह में भारी वर्षा होने की संभावना है। बिहार में बहुत भारी वर्षा होने की संभावना है। अगले पांच दिनों में गुजरात, कोंकण और गोवा, मध्य महाराष्ट्र और मराठवाड़ा में हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है।*

# कैंप शिफ्टिंग के दौरान पलटा पिकअप, सीएएफ के दो जवानों की मौत

- प्रधान आरक्षक व आरक्षक ने तोडा दम, एक आरक्षक समेत दो घायल, भुताही व पुंदाग के बीच हुई घटना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

बुधवार की देर शाम भुताही मोड़ व पुंदाग के बीच सीएएफ जवानों की पिकअप पलट गई। इस घटना में एक प्रधान आरक्षक व एक आरक्षक समेत दो जवानों की मौत हो गई। कैम्प शिफ्टिंग के दौरान घटना उस वक्त हुई जब जवान कैंप का सामान लेकर घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र पुंदाग में स्थापित किए गए कैम्प जा रहे थे। हादसे के कारणों का अब तक पता नही चल सका है लेकिन ब्रेक नहीं लगने अथवा स्टेरिंग काम नहीं करने से घटना की आशंका जताई जा रही है। इस घटना की जांच शुरू कर दी गई है वहीं आज श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद जवानों के पार्थिव शरीर को गृह ग्राम के लिए रवाना किया गया। बता दें कि ▶▶ शेष पेज 8 पर

#### कड़ी मशक्कत के बाद निकाला गया बाहर

*घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस महकमें में हड़कंप मच गया। देर रात एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह समेत आला अधिकारी घटना स्थल के लिए रवाना हुए। घटना के बाद पिकअप पेड़ से जाकर टकराया इससे सामने बैठे प्रधान आरक्षक व चालक वाहन में ही बुरी तरह से फंसे हुए थे। टीम द्वारा जेसीबी के* ▶▶ शेष पेज 8 पर

#### घटना का कारण अस्पष्ट

जवानों का पिकअप दुर्घटनाग्रस्त होने को लेकर अब तक कारणों का पता नहीं चल सका है। जिस स्थान पर यह घटना हुई है वह सड़क कच्ची है इस लिए अधिकारी वाहन की रफ्तार तेज होने से इनकार कर रहे है। ऐसे में सिर्फ यह अंदाजा लगाया जा रहा है ▶▶ शेष पेज 8 पर

## खबर संक्षेप

### पहाड़ी पर स्थित झरने से नौ 'पर्वतारोहियों' का रेस्क्यू



**ठाणे।** महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में पनवेल के निकट बारिश के बीच 'पर्वतारोहण' के दौरान एक पहाड़ी पर स्थित झरने के पास फंसी आठ महिलाओं समेत नौ युवकों को गुरुवार को बचा लिया गया। 18 से 20 वर्ष की आयु के ये युवा एक 'पर्वतरोहण' समूह के सदस्य थे। पनवेल-माथेरान मार्ग पर अदाई गांव के निकट पहाड़ी पर पैदल यात्रा के लिए गए थे।

### अभिनेता दर्शन की हिरासत दो दिन बढ़ाई



**बेंगलुरु।** बेंगलुरु की अदालत ने रेणुकास्वामी हत्याकांड में गुरुवार को कन्नड़ अभिनेता दर्शन थूगुदीप एवं तीन अन्य आरोपियों की पुलिस हिरासत दो दिनों के लिए बढ़ा दी। धनराज, विनय और प्रदोष तीन अन्य आरोपी हैं जिनकी पुलिस हिरासत बढ़ायी गई है।

### भर्तृहरि लोकसभा के अस्थायी अध्यक्ष नियुक्त



**नई दिल्ली।** सात बार के सांसद भर्तृहरि महताब को लोकसभा का अस्थायी अध्यक्ष नियुक्त किया गया। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजीजू ने कहा कि कटक से भाजपा सांसद महताब को लोकसभा के अध्यक्ष का चुनाव होने तक पीठासीन अधिकारी के रूप में कर्तव्यों का निर्वहन करने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नियुक्त किया है।

### खड़ी ट्रेन की 'पेंट्री कार' में आग लगी



**हैदराबाद।** हैदराबाद में एक स्टेशन पर रखरखाव कार्यों के लिए खड़ी एक ट्रेन की पेंट्री कार में मामूली आग लग गयी। हालांकि उस डिब्बे के अंदर तब कोई नहीं था। 'सिकंदराबाद कोच मेनेटेंनेस वाशिंग लाइन' में सुबह करीब साढ़े दस बजे यह घटना घटी।

### पूर्व भारतीय क्रिकेटर डेविड की मौत



**बेंगलुरु।** भारत के पूर्व तेज गेंदबाज डेविड जॉनसन की अपने अपार्टमेंट की चौथी मंजिल की बालकनी से गिरने के कारण मौत हो गई और यह पता लगाने के लिए जांच की जा रही है कि क्या यह आत्महत्या का मामला है। पुलिस ने यह जानकारी दी। भारत के लिए दो टेस्ट खेलने वाले जॉनसन 52 वर्ष के थे।

## नीट पर कोहराम

# छात्रों का फूटा गुस्सा सियासत भी गरमाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

देशभर में विरोध प्रदर्शन का दौर चल रहा है, सड़कों पर छात्रों का गुस्सा दिखाई पड़ रहा है। परीक्षा को रद्द करके उसे फिर से कराए जाने की मांग हो रही है। यूजीसी-नेट परीक्षा रद्द करने और एनईईटी में अनियमितताओं के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे विभिन्न विश्वविद्यालयों और छात्र संगठनों के दो दर्जन से अधिक छात्रों को पुलिस ने हिरासत में लिया। छात्रों को शिक्षा मंत्रालय के साथ-साथ मध्य दिल्ली में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के आवास के बाहर से हिरासत में लिया गया।

- नीट और नेट को लेकर दिल्ली-लखनऊ समेत देश के कई शहरों में प्रदर्शन

#### सुप्रीम कोर्ट ने मांगा जवाब

*इस बीच, सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में नीट-यूजी 2024 को रद्द करने और मेडिकल प्रवेश परीक्षा में कथित अनियमितताओं की अदालत की निगरानी में जांच का अनुरोध करने संबंधी याचिकाओं पर गुरुवार को केंद्र, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी और अन्य से जवाब मांगा।*

**राहुल बोले-**

#### केंद्र सरकार पेपर लीक नहीं रोक पा रही

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को यूजीसी नीट यूजी परीक्षा में पेपर लीक के मुद्दे पर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा, सभी शिक्षण संस्थानों को भाजपा के लोगों ने कैप्चर कर रखा है। जब तक इन्हें मुक्त नहीं कराया जाएगा, तब तक यह चलता रहेगा।

**धर्मेंद्र प्रधान बोले-**

#### दोषियों को नहीं बख्शा जाएगा

*केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि मैं सभी को आश्वस्त करना चाहता हूं कि सरकार छात्रों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। हम पारदर्शिता से कोई समझौता नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि नीट के दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि नीट परीक्षा के संदर्भ में हम बिहार सरकार के संपर्क में हैं। हमें पटना से कुछ सूचनाएं मिल रही हैं।*

*तस्वीर हुई वायरल, यूजर दे रहे तीखी प्रतिक्रिया*

# वंदे भारत के खाने को लेकर बवाल यात्री को सब्जी में मिला कॉकरोच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल से आगरा जा रहे वंदे भारत के यात्री ने खाने को लेकर शिकायत की है। यात्री का आरोप है कि उन्हें ट्रेन के खाने में मरा हुआ कॉकरोच मिला है। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी शिकायत रेलवे को की है। यात्री ने अपने खाने की तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की है, जो अब वायरल हो गई है। तस्वीर में नजर आ रहा है कि एक मरा हुआ कॉकरोच सब्जी की प्लेट में नजर आ रहा है। यात्री ने कहा, आज 18-06-24 को, मेरे चाचा और चाची को वंदे भारत से यात्रा करने के दौरान आईआरसीटीसी द्वारा परोसे गए खाने में कॉकरोच मिला।



#### आईआरसीटीसी ने लगाया जुर्माना

इस पोस्ट के वायरल हो जाने के बाद भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) ने खाना मुहैया कराने वाले पर जुर्माना लगाया है। ईआरसीटीसी ने एक्स पोस्ट करते हुए खेद व्यक्त किया और कहा, यात्रा के दौरान इस अनुभव के लिए हम क्षमा चाहते हैं। मामले को गंभीरता से लिया गया है।

#### सोशल मीडिया पर रेल मंत्री को टैग

रिपोर्ट की मानें तो, इस पोस्ट के बाद भारतीय ट्रेनों में साफ-सफाई और मैनेजमेंट के खिलाफ भी लोगों की तीखी प्रतिक्रिया आई। कई यूजर्स ने सोशल मीडिया पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को टैग करते हुए स्पष्टीकरण की मांग की। यात्री पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए एक यूजर ने लिखा, यह गंभीर समस्या है।

## एनसीआर, मुंबई और नागपुर में कार्रवाई

# 20 हजार करोड़ के बैंक कर्ज धोखाधड़ी में ईडी की छापेमारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



ईडी ने गुरुवार को एक कंपनी और उसके प्रवर्तक के खिलाफ धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र -दिल्ली, मुंबई और नागपुर में करीब 35 परिसरों में छापेमारी की। कंपनी और उसके प्रवर्तक के खिलाफ 20,000 करोड़ रुपये से अधिक के बैंक ऋण की हेराफेरी करने का आरोप है। एमटेक समूह और इसके निदेशकों- अरविंद धाम, गौतम मल्होत्रा और अन्य के खिलाफ छापेमारी की गई।

#### सरकारी खजाने को लगी चपत

ईडी के अनुसार इस धोखाधड़ी से सरकारी खजाने को लगभग 10,000-15,000 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। ईडी का मानना है कि बैंक से ली गई कर्ज राशि को रियल एस्टेट, विदेशी निवेश और नए उद्यमों में लगाया गया। अधिक ऋण प्राप्त करने के लिए समूह की कंपनियों में फर्जी बिक्री, पूंजीगत संपत्ति, देनदारी और लाभ दिखाया गया।

## एक जुलाई से लागू हो रहे तीन नए कानून

# ईडी को मिलेगी और ताकत, पीएमएलए को किया जाएगा सख्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

खास खबर

केंद्र सरकार 'प्रीवेंशन ऑफ मनी लांडरिंग एक्ट' में तीन बडे संशोधन पर गंभीरता से विचार कर रही है। केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने इंडियन पैनल कोड (आईपीसी) की जगह एक जुलाई से लागू हो रही 'भारतीय न्याय संहिता' (बीएनएस) औपचारिक रूप से देशभर में लागू होने के बाद पीएमएलए कानून को नया रंग रूप देकर नये सिरे से इसे भी लागू करने पर गंभीरता से विचार कर रही है। विश्वस्त सूत्रों ने बताया कि वित्तमंत्रालय ने संशोधन का प्रस्ताव कानून मंत्रालय के साथ ▶▶ शेष पेज 8 पर

### ये हो सकता है संशोधन

- पीएमएलए को संशोधित क्रिमिनल-लॉ के साथ कुछ नये क्लॉज जोडकर तय किया जाएगा कि पीएमएलए के तहत जिस आरोपी के खिलाफ कार्रवाई हो रही हो उसकी कुर्क संपत्ति पर संबंधित बैंक का कब्जा हो जिससे लोन उठाया गया हो।
- पीएमएलए के तहत धारा 109 और 113 ऑर्गेनाइज्ड क्राइम एंड टेरेरिज्म एक्टिविटीज को भी संशोधित एक्ट में शामिल करने का प्रस्ताव है। इन धाराओं को शामिल कर लिया गया तो ईडी के पास अपार शक्तियां होंगी।




**क्या है पीएमएलए:** प्रीवेंशन ऑफ मनी-लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) यह एक आपराधिक कानून है, जो निदेशालय के अधिकारियों को अनंतिम रूप से जांच पड़ताल करने, पूछताछ करने और जुर्माना लगाने का अधिकार देता है।

#### सुप्रीम कोर्ट ईडी की शक्तियों पर पहले ही कर रहा सुनवाई



*पीएमएलए मामलों के विशेषज्ञों का मत है कि कानून पहले से ही सख्त है। उसके बाद भी 22 हजार 586 करोड रुपये का विभिन्न बैंकों को चूना लगाकर विदेश भागने वाले विजय माल्या, नीरव मोदी और मेहुल चौकसी से अब तक केवल 15 करोड रुपये की संपत्तियों को ही एटैच किया जा सका है। यही वजह है कि कानून का शिकंजा और कसे इसके लिए केंद्र की ओर से प्रयास किये जा रहे हैं।*

## चिंतन

# गर्मी से हो रही मौतें, बढ़ रहे जलवायु परिवर्तन के खतरे

तो क्या भीषण गर्मी जलवायु परिवर्तित होने की दस्तक है। अभी विकसित देशों के संगठन जी-7 की बैठक हुई, लेकिन जलवायु परिवर्तन के खतरे और तापमान में कमी लाने के विषय पर कोई गंभीर चर्चा नहीं हुई, जबकि पेरिस क्लाइमेट करार के तहत कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने के लिए विकासशील देशों की लागत की भरपाई विकसित देशों को ही करनी है। पर विकसित देश लगातार अपनी जिम्मेदारी से मुंह चुरा रहे हैं। भारत समेत अन्य विकासशील देश कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने के लिए सभी देशों को एकजुट होने की बात कर रहे हैं, पर विकसित देश अपना योगदान करने में आनाकानी कर रहे हैं। इस बार भारत समेत अनेक एशियाई देश भीषण गर्मी की चपेट में हैं। यूरोप, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, अमेरिका जैसे शीत देशों में भी मौसम चक्र बदल रहा है, वहां का भी तापमान बढ़ रहा है, अंटार्कटिका पर ग्लेशियर पिघलने की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं, जंगलों में आग लगने की घटनाएं बढ़ रही हैं। ये सभी वायुमंडल में तापमान बढ़ने के संकेत हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, भारत के एक बड़े हिस्से में जारी भीषण गर्मी की वजह से इस वर्ष 1 मार्च से लेकर 18 जून तक कम से कम 114 लोगों मौत हुई है और 40,984 लोगों को संदिग्ध तापघात से जूझना पड़ा। राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केन्द्र (एनसीडीसी) द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर गर्मी से संबंधित बीमारी और मृत्यु निगरानी के तहत जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, गर्मी से उत्तर प्रदेश सर्वाधिक प्रभावित है जहां लू और तापघात से करीब 37 लोगों की मौत हई है। इसके बाद बिहार, राजस्थान और ओडिशा में लोगों की जान गई है। उत्तर और पूर्वी भारत के अधिकांश इलाके लंबे समय से भीषण लू की चपेट में हैं, जिससे तापघात से होने वाली मौतों में वृद्धि हुई है। स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने सभी सरकारी अस्पतालों में 'विशेष लू इकाई' शुरू करने के निर्देश दिए हैं। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली ने उच्च तापमान 52 डिग्री सेल्सियस का रिकार्ड बनाया। एनसीआर, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान में भीषण गर्मी पड़ रही है। पाकिस्तान, नेपाल, भूटान, श्रीलंका, बांग्लादेश, म्यांमार, थाईलैंड, मालदीव, मलेशिया, सेशेल्स व पूर्वी एशिया के कई देशों में भीषण गर्मी पड़ी है, गर्मी जनित रोग बढ़े हैं, लू चली हैं, लोगों की मौतें हुई हैं। कई देशों में हाल ही में अत्यधिक गर्म मौसम देखा गया है, इससे कहा जाने लगा है कि क्या पृथ्वी लोगों के जीवित रहने के लिए बहुत गर्म हो रही है? क्या इसके लिए तेजी से हो रहे जलवायु परिवर्तन जिम्मेदार है? गर्मी के संपर्क में अत्यधिक समय तक रहना स्वास्थ्य के लिए घातक साबित हो सकता है। चाहे वह बिजली संयंत्र में कोयला हो या वाहन में गैसोलीन- यह कार्बन डाइऑक्साइड बनाता है। यह अदृश्य गैस वायुमंडल में बनती है और सूर्य की गर्मी को पृथ्वी की सतह के पास रोक लेती है। कोयला, तेल या गैस का हर टुकड़ा जो कभी जलाया जाता है, तापमान में थोड़ा और इजाफा करता है। जैसे-जैसे तापमान बढ़ रहा है, खतरनाक रूप से गर्म और आर्द्र मौसम अधिक स्थानों पर फैलने लगा है। जलवायु परिवर्तन सिर्फ गर्म, पसीने वाले मौसम की तुलना में बहुत अधिक समस्याएं पैदा करता है। हम अगर पृथ्वी को गर्म होने से बचाना चाहते हैं, तो कार्बन उत्सर्जन के हर स्त्रोत को बंद करना होगा या न्यूनतम करना होगा। ग्रीन एनर्जी को अपना चाहिए, क्वालिटी विकास पर ध्यान देना होगा। दुनिया को कार्बन उत्सर्जन रोकने की दिशा में तत्काल कदम उठाना चाहिए।



योग दिवस
अखिलेश आर्येन्दु

# योग से स्वस्थ भारत का सपना

> योग दिवस के जरिये दुनिया वालों को भारत की आध्यात्मिक शक्ति ही नहीं, बल्कि नैतिक व सांस्कृतिक शक्ति का परिचय मिला। 2014 में केंद्र सरकार के जरिये जिस तरह से संयुक्त राष्ट्र में योग की महत्ता का प्रतिपादन कर उसे दुनिया के लिए वरदान के रूप में पेश किया गया उसका ही परिणाम है कि आज दुनिया में योग के जरिये भारत की एक अलग पहचान हुई है। निश्चित ही मोदी के नेतृत्व ने पिछले दस सालों में भारत की जो प्रतिष्ठा दुनिया भर में दिलवायी है उसमें योग को मान्यता दिलाना भी एक है। बढ़ती समस्याएं, संकट और बीमारियों के दौर में योग दिवस उन समस्याओं, संकटों और दुष्वारियों से छुटकारा दिलाने का सबसे सस्ता साधन है।

पिछले दो दशक में आध्यात्मिक कहे जाने वाले ज्ञान के बारे में पश्चिमी दुनिया के आमोखास की धारणा बदली है जिसमें योग भी एक है। दुनिया के तमाम देशों में वर्षों पहले भारत से गए योग के जानकारों ने योग का प्रसार कर दिया था, लेकिन 11 दिसम्बर 2011 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने के भारत के प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद सबसे पहले 21 जून 2015 को इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मनाने का प्रस्ताव पारित होने से योग की सर्वजन उपयोगिता को माना गया। तब से उन देशों में आम जनता में योग की लोकप्रियता लगातार बढ़ती गई जो भारत को मदारियों वाला पिछड़ा देश घोषित कर चुके थे। आज दुनिया के तकरीबन 200 देशों के लोगों में योग के प्रति दिलचस्पी बढ़ी है। उन पश्चिमी देशों में भी जहां भारत के बारे में उलटी धारणाएं थीं, वहां भी योग आम लोगों की जिंदगी का हिस्सा बन गया है। दुनिया अब मानने लगी है कि जिंदगी को सुखी बनाने या कर्म (कार्य) करने की कुशलता जिससे आए उस तरीके को योग के जरिये सीखा जा सकता है।

आधुनिक विज्ञान अब धीरे-धीरे यह मानने लगा है कि आत्मा, प्राण, मन, बुद्धि और चित्त के जरिये ही इस अत्यंत जटिल मानव शरीर से ब्रह्मांड से जुड़ने का कोई तरीका हो सकता है। यह ब्रह्मांड जिसके निर्माण का रहस्य समझने में आज के वैज्ञानिक लगे हुए हैं, भारत के वैज्ञानिक जिसे ऋषि-महर्षि कहा जाता है को अरबों साल पहले समझ चुके थे। गौरतलब है ब्रह्मांड के रहस्य को वेदों में उद्घाटित किया गया है। वहीं शरीर विज्ञान को समझना हो तो नस-नाड़ियों, चक्रों, चेतना की स्थितियों, प्राणों का संतुलन और कार्य, मन की स्थितियों और कार्य और आत्मा के जरिये खुद का और परमात्मा की पड़ताल का विज्ञान रहस्यमय और सूक्ष्म है। योग के मुताबिक मानव शरीर में सात चक्र होते हैं। ये हैं- सहस्त्रार चक्र आज्ञा, अनाहत, विशुद्धि, मणिपूरक, मूलाधार एवं स्वाधिश्ठान चक्र। इन चक्रों का संबंध नाड़ी प्रणाली एवं एन्डोक्राइन ग्लैंड से होता है। शरीर में स्थित ये सातों चक्र वातावरण से ऊर्जा ग्रहण करते हैं। नर्वस सिस्टम एवं एन्डोक्राइन ग्लैंड एक लय से ऊर्जा एवं विद्युत चुम्बकीय ऊर्जा को सही दिशा में प्रवाहित करते हैं तो मानव सेहतमंद बना रहता है, लेकिन यदि इसमें रुकावट आ जाए तो शरीर में कई तरह की बीमारियां पैदा हो जाती हैं। हम गौर करें तो पता चलता है, हमारा शरीर कई तरह की ऊर्जाओं को वातावरण से लेता है। इसमें कुछ ऊर्जा तो शरीर में खर्च हो जाती है और कुछ ऊर्जा संग्रहित होती है। हमारे शरीर में बारह अलग-अलग प्रकार के मुख्य मेरीडियन हैं, जिसके द्वारा शरीर के अलग-अलग हिस्सों तक ऊर्जा प्रवाहित होती है। जिन हिस्सों में ऊर्जा का प्रवाह बना रहता है, वह हिस्सा सेहतमंद रहता है और जिस हिस्से में ऊर्जा का प्रवाह कम या ज्यादा होता है या इनमें रुकावट हो जाती है उस हिस्से में बीमारी पैदा हो जाती है। यह ऊर्जा का प्रवाह समुचित मात्रा में है या नहीं या रुकावट पूरी तरह से है इसे बायोफीड बैक ऊर्जा मापने वाले यंत्र द्वारा मापा



जाता है। साथ ही ऊर्जा प्रवाह को इस यंत्र द्वारा संतुलित भी किया जा सकता है। इन सभी तरह की क्रियाओं को योग के जरिये बेहतर तरीके से समझा जा सकता है।

आज विश्व में योग से संबंधित अनगिनत योग पद्धतियां प्रचलित हैं, लेकिन इसके बावजूद इनका लक्ष्य सबको सुखी करना, सभी को निरोग करना और आत्म तथा ईश्वर साक्षात्कार करना नहीं बदला है। अनेक बदलावों के बावजूद योग आज विश्व स्तर पर भारत की पहचान के साथ जुड़ा हुआ है। योग का उद्भव वेदों से हुआ इसलिए इसके मूल स्वरूप को जानने के लिए वेदों से जुड़ना जरूरी है। वेद का अर्थ ज्ञान होता है। योग का अर्थ जोड़ना होता है। यदि दोनों को मिला दिया जाये तो योग ज्ञान के जरिये स्वयं को जानने का बेहतरीन तरीका सिखाने का कार्य योग करता है। तमाम लोग तप, ध्यान और आत्म-साक्षात्कार को योग मानते हैं। मुनि पतंजलि चित्त वृतियों के निरोध को योग कहते हैं। इसी तरह आत्मचिंतन, आत्म-साक्षात्कार, ईश्वर साक्षात्कार और साधना को वेद-शास्त्रों में योग बताया गया है। इसे हम इस प्रकार भी कह सकते हैं कि जीवन की ऐसी सभी क्रियाएं जो सांसारिक और अलौकिक दोनों को सफल बनाएं उसे योग कहा जा सकता है।

योग की शुरुआत सबसे पहले खुद से जुड़ने से होती है। फिर अभ्यास के जरिये हम अपने श्वास, प्राण और हृदय से जुड़ते हैं फिर शरीर, मन और चित्त से जुड़ जाते हैं। यह जुड़ना बिना किसी विशेष प्रयास से भी हो सकता है और किसी के मार्गदर्शन में भी, लेकिन इसके लिए धैर्य, साहस, शक्ति और उत्साह की हर पल जरूरत होती है। जिसमें सद्गुण पहले से ही भरा होता है, वह योग के मार्ग पर बहुत ही सहजता के साथ बिना किसी रुकावट के आगे बढ़ जाता है। योग एक जीवन पद्धति, एक शरीर विज्ञान और जीवनधर्म-सूत्र तो है ही यह सहज जीवन विद्या भी है। इस विद्या को समझने के लिए योग दिवस के जरिये दुनिया को उत्साहित करने का कार्य किया गया। जिसका असर अब दुनिया भर में दिखाई दे रहा है, लेकिन अभी इसे आने वाली पीढ़ियों के लिए और बेहतर जीवन विज्ञान परक बनाने की जरूरत है। इससे हर तरह के जहां रोग खत्म होंगे वहीं पर जीवन जीने का लक्ष्य ठीक समझ में आने लगेगा। योग दर्शन के मुताबिक जीवन का लक्ष्य या मकसद सबसे पहले खुद कों सेहतमंद रखते हुए दूसरों को भी सेहतमंद और सुखी रखने का होना चाहिए। यह तभी संभव है जब हमारा मन, चित्त, हृदय और आत्मा सभी पवित्र और शक्तिशाली होंगे। योग दोनों को पवित्र भी बनाता है और शक्तिशाली भी बनाता है। आत्म साक्षात्कार यानी आत्मा को जानने व समझने के बाद उस परम सत्ता के साथ जुड़ने का तरीका यदि किसी के जरिये जाना जा सकता है तो वह योग साधना का ही तरीका है। यह ऐसा तरीका है जिसमें सबसे पहले खुद को संतुलित करने के बाद ही देश दुनिया को साधने की सामर्थ्य पैदा हो पाती है।

योग दिवस के जरिये दुनिया वालों को भारत की आध्यात्मिक शक्ति ही नहीं, बल्कि नैतिक व सांस्कृतिक शक्ति का परिचय मिला। 2014 में केंद्र सरकार के जरिये जिस तरह से संयुक्त राष्ट्र में योग की महत्ता का प्रतिपादन कर उसे दुनिया के लिए वरदान के रूप में पेश किया गया उसका ही परिणाम है कि आज दुनिया में योग के जरिये भारत की एक अलग पहचान हुई है। निश्चित ही मोदी के नेतृत्व ने पिछले दस सालों में भारत की जो प्रतिष्ठा दुनिया भर में दिलवायी है उसमें योग को मान्यता दिलाना भी एक है। दुनिया में बढ़ती समस्याएं, संकट और बीमारियों के दौर में योग दिवस उन समस्याओं, संकटों और दुष्वारियों से छुटकारा दिलाने का सबसे बेहतरीन व सब के उपयोग का सबसे सस्ता साधन व तरीका है। आज हम दस साल बाद यह कहने की हालत में हैं कि दुनिया को निरोग और सुखी बनाने की भारत की योग के जरिये की गई पहल से दुनिया को बगैर किसी दवा के सेवन से सेहतमंद बनाने का कार्य किसी वरदान से कम

(लेखक आध्यात्मिक विषयों के जानकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## दिवस विशेष
हर्षवर्धन पाण्डे




# वृत्तियों को रोकने का नाम योग

दुनिया में हर कोई अच्छा स्वास्थ्य, मन की शांति प्राप्त करना चाहता है। योग के बारे में कहा गया है कि माया से बढ़कर कोई बंधन नहीं होता और ज्ञान से बढ़कर कोई बंधु नहीं होता। अहंकार से बढ़कर कोई शत्रु नीर होता और योग से बढ़कर कोई बल नहीं होता। एक सामान्य अर्थ में भी योग का अर्थ 'जोड़ना' होता है। भारतीय मनीषी तो सम्पूर्ण विश्व को परिवार घोषित करते हैं। यह अवसर हमें दुनिया को करीब से समझने- समझाने में मदद कर सकता है। यह प्रसन्नता की बात है कि विदेश ही नहीं देशभर से योग के प्रति लोगों की रुचि अब बढ़ रही है। हमारे ऋषियों ने मानवता के हित में विश्व को योग विद्या दी थी, लेकिन इसे जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास करने वाले बाबा रामदेव भी अभिनंदन के पात्र हैं। आज सारी दुनिया योग के महत्व को समझते हुए उसे अपनी दिनचर्या का अंग बना रही है। आधुनिक चिकित्सा विज्ञान ने पुष्टि की है कि योग से न सिर्फ तनाव कम होता है बल्कि दीर्घकाल तक कई फायदे होते हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि जो देश सदियों से योग विद्या का साक्षी रहा है उस देश के अधिकांश युवा आज तथाकथित आधुनिक जीवन शैली और खान पान की खराब आदतों के कारण बहुत कम आयु में ही मधुमेह और ब्लड प्रेशर, कैंसर जैसे रोगों के शिकार हो रहे हैं। उन्हें इंटरनेट, स्मार्टफोन, सोशल मीडिया ने इतना व्यस्त कर दिया है कि वे अपने कर्तव्यों को तो भूले ही हैं, स्वयं अपने आप तक को भूल रहे हैं। मौजूदा दौर में शारीरिक श्रम लगातार कम हो रहा है। ऐसे में मन और बुद्धि सक्रिय होते हुए भी शरीर की निष्क्रियता बोझ बन रही है। ऐसे में योग कारगर साबित हुआ है। जब पूरी दुनिया कोरोना महामारी से त्रस्त थी तब उसे मात देने के लिए योग रामबाण साबित हुआ। हाल के वर्षों में हुए कई वैज्ञानिक अध्ययन भी इस बात को साबित करते हैं योग बीमारियों का उपचार है तो जांच भी है। सामान्य सांस लेने में हम 500 एमएल ऑक्सीजन ग्रहण करते हैं,जबकि इस प्राणायाम को करने से 500 से 10,000 एमएल ऑक्सीजन हमारे शरीर को प्राप्त होती है। दिनभर अपने आसपास निगेटिव समाचार सुन-सुन कर हम सभी तनाव या अवसाद से घिर रहे हैं। इससे मुक्ति पाने के लिए हमें प्राणायामों के साथ योग नियमित करना चाहिए। जब हमारे आसपास नकारात्मकता महसूस होने लगे तो अपने इष्टदेव के मंत्रों का जाप रोज योग और मेडिटेशन करते हुए करें। भारतभूमि अनादिकाल से पूरे विश्व में योग भूमि के रूप में विख्यात रही है, जिसका लाभ अब सम्पूर्ण विश्व को मिल रहा है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा 2015 से हर वर्ष 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाए जाने की घोषणा के बाद पूरी दुनिया योग की महत्ता जान चुकी है। स्वयं की स्वयं के माध्यम से स्वयं तक पहुंचने की यात्रा का नाम योग है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयत्नों से आज भारत के योग का डंका पूरी दुनिया में बज रहा है। निश्चित ही यह सम्पूर्ण मानवता के लिए एक शुभ संकेत है। योग मनुष्य में सकारात्मकता और प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है। योग के पथ पर अविराम गति से वही साधक आगे बढ़ सकता है, जो चित्त की पवित्रता एवं निर्मलता के प्रति पूर्ण जागरूक हो, क्योंकि निर्मल चित्त वाला व्यक्ति ही योग की गहराई तक पहुंच सकता है। योग कोई धार्मिक कर्मकांड नहीं है। गीता 'योग क्षेम वहाम्यहं' का उद्घोष करती है जिसका अर्थ है- अप्राप्त को प्राप्त करना और प्राप्त की रक्षा करना। दुनिया में ऐसा कौन है जो अच्छा स्वास्थ्य, मन की शांति प्राप्त न करना चाहते हो। यह कामना रखना अथवा इसके लिए प्रयास करना किसी एक धर्म के लोगों के लिए आरक्षित नहीं हो सकता। एक सामान्य अर्थ में भी योग का अर्थ 'जोड़ना' होता है। यह प्रसन्नता की बात है कि विदेश ही नहीं देशभर से योग के प्रति लोगों की रुचि बढ़ रही है। हजारों वर्षों पूर्व हमारे ऋषियों ने मानवता के हित में विश्व को यह योग विद्या दी थी लेकिन इसे जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास करने वाले भी अभिनंदन के पात्र हैं। आज सारी दुनिया योग के महत्व को समझते हुए उसे अपनी दिनचर्या का अंग बना रही है। योग कला, विज्ञान और दर्शन आज दुनिया को भारतबोध करा रहा है। आधुनिक चिकित्सा विज्ञान ने भी इस बात की पुष्टि की है कि योग से न सिर्फ तनाव कम होता है बल्कि दीर्घकाल तक कई फायदे होते हैं। प्राचीन भारतीय पद्धतियां शारीरिक, मानसिक, नैतिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को लेकर लोगों की जरूरतों का संपूर्ण उत्तर है। पूरी दुनिया में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में योग की महत्व बढ़ रहा है तो इसके लिए हर भारतीय को प्रसन्न ही होना चाहिए। महर्षि पतंजलि के अनुसार, 'योगश्चित्त वृत्तिनिरोधः'' अर्थात चित्त की वृत्तियों को रोकने का नाम योग है। हम सभी को भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर अपने चित्त से सुदीर्घ जीवन के लिए प्रयास करने चाहिए।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## संकर सहज स्वरूप सम्हारा



संकलित
दर्शन

श्रीरामचरितमानस में भगवान शंकर भक्ति के दाता भी माने गए हैं और भक्ति के भिक्षुक भी। शिव भक्ति देते भी हैं और मांगते भी हैं। भगवान शंकर में नवभक्ति का दर्शन होता है। उनमें अष्टांग योग का, ज्ञान की सातों भूमिकाओं का और धर्म के दसों लक्षणों का दर्शन भी होता है। लंका कांड में गोस्वामी जी ने जो धर्मरथ का वर्णन किया है। उसमें जितने धर्म के सूत्र बताए हैं, वे सभी महादेव में प्रस्थापित होते हैं। शिव भक्ति स्वरूप हैं। शिव का बाहरी रूप तो 'कुंडल कंकन पहिरे ब्याला' वाला है, लेकिन आंतरिक स्वरूप भजन है, भक्ति है। मानस में है- 'संकर सहज स्वरूप सम्हारा'। सहज स्वरूप का अनुसंधान शिव ने किया। उनकी जो सहज प्रवृत्ति है, वह भजन है। भगवान भी कहते हैं कि 'संकर भजन बिना नर भगति न पावइ मोरि'। शंकर की भक्ति जो करेगा, वही मेरी भक्ति पाएगा अथवा शंकर का जो सहज भजन स्वरूप है, उसे आत्मसात करेगा, वह मेरी भक्ति पाएगा। शबरी के सामने गाई गई नौ प्रकार की भक्ति में गोस्वामी जी ने पहली भक्ति संत का संग बताई है- 'प्रथम भगति संतन्ह कर संगा'। आप महेश का चरित्र देखिए। जैसे ही अवसर मिला, वे साधु-संतों का संग करते दिखाई देते हैं। पार्वती के विरह में संतों का संग करते थे। महादेव सत्संग के प्यासे हैं। दूसरी भक्ति है कथा श्रवण। कथा में जहां जगह मिले, वहां बैठकर कथा के प्रसंगों का रस उठाना। शिव कहते हैं, पार्वती, मैं काकभुशुंडि जी के आश्रम में हंस बनकर पीछे बैठ गया था। कथा श्रवण में इतनी रुचि, यह दूसरी भक्ति शिव में है।

## हनुमान जी ने सूर्य देव से हासिल किया था ज्ञान



संकलित
प्रेरणा

गुरु पूर्णिमा पर गुरु का पूजन किया जाता है। शास्त्रों में गुरु को भगवान के बराबर माना गया है। महाभारत, रामायण में गुरु-शिष्य से जुड़ी कई कथाएं हैं। सूर्य पंचदेवों में से एक हैं और हनुमान जी के गुरु भी हैं। बाल हनुमान जब थोड़े बड़े हुए तो माता अंजनी और पिता केसरी ने उन्हें सूर्य देव के पास ज्ञान हासिल करने के लिए भेजा। माता-पिता की बात मानकर हनुमान जी ने सूर्य देव के पास पहुंचे और उनसे गुरु बनने के लिए प्रार्थना की। हनुमान जी की बात सुनकर सूर्य देव ने कहा कि मैं तो एक पल के लिए कहीं रूका नहीं हूं, न ही मैं रथ से उतर सकता हूं तो ऐसी स्थिति में मैं तुम्हें ज्ञान नहीं दे पाऊंगा। तब हनुमान जी ने कहा कि आप अपनी गति कम किए बिना ही मुझे ज्ञान दीजिए। मैं आपके साथ चलते-चलते विद्या हासिल कर लूंगा। इस बात के लिए सूर्य देव मान गए। इसके बाद सूर्य देव ने हनुमान जी को सभी वेदों और शास्त्रों का ज्ञान दिया। इस प्रकार सूर्यदेव की कृपा से ही हनुमान जी को ज्ञान मिला। इस प्रसंग में हनुमान जी ने संदेश दिया है कि योग्य गुरु से ज्ञान हासिल के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। योग्य गुरु ही हमें सही ज्ञान प्रदान कर सकते हैं। आज योग्य गुरु की तलाश काफी कठिन हो गई है। गुरु पूर्णिमा पर गुरु का पूजन किया जाता है। शास्त्रों में गुरु को भगवान के बराबर माना गया है। महाभारत, रामायण में गुरु-शिष्य से जुड़ी कई कथाएं हैं। सूर्य पंचदेवों में से एक हैं और हनुमान जी के गुरु भी हैं। बाल हनुमान जब थोड़े बड़े हुए तो माता अंजनी और पिता केसरी ने उन्हें सूर्य देव के पास ज्ञान हासिल करने के लिए भेजा।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### टूटते परिवारों के लिए जिम्मेवार कौन?

दुनियाभर में परिवार के महत्व को समझाने और इसके प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से संयुक्त राष्ट्र जनरल एसेंबली ने सन 1993 को अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस मनाने की घोषणा की थी। बेशक इस दिवस की शुरुआत विदेश से हुई है, लेकिन हमें दूसरे देशों की अच्छी बातों को ग्रहण करने में कंजूसी नहीं करनी चाहिए और न ही यह तर्क देना चाहिए कि अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस हमारे देश की परंपरा नहीं है। परिवार का महत्व क्या है, इसकी अहमियत हमारे देश में बहुत ज्यादा है। हमारे देश में तो सारी पृथ्वी को अपना परिवार समझा जाता है, तभी तो हमारे देश में कहा जाता है 'वसुधैव कुटुम्बकम।' संयुक्त परिवार क्यों टूट रहे हैं, इस पर चिंतन की जरूरत है। *- विनोद देवांगन, महासमुंद*

## करंट अफेयर

# द. कोरिया ने रूस-उ. कोरिया समझौते की आलोचना की

दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति कार्यालय ने रूस और उत्तर कोरिया के बीच हुए उस समझौते की निंदा की जिसमें युद्ध की स्थिति में आपसी रक्षा सहयोग की बात कही गई है। इसके साथ ही राष्ट्रपति कार्यालय ने कहा कि वह यूक्रेन को आपूर्ति को सीमित करने की अपनी नीति पर पुनर्विचार करेगा। राष्ट्रपति कार्यालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह टिप्पणी की। इससे पहले राष्ट्रपति कार्यालय ने बुधवार को प्योंगयांग में अपने शिखर सम्मेलन में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन के बीच हुए समझौते की निंदा करते हुए एक बयान जारी किया। कार्यालय ने अपने बयान में कहा कि यह समझौता दक्षिण कोरिया की सुरक्षा के लिए खतरा है और इसका रूस-दक्षिण कोरिया संबंधों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। राष्ट्रपति कार्यालय के अधिकारी ने नाम नहीं बताने की शर्त पर कहा कि दक्षिण कोरिया इसके जवाब में यूक्रेन को रूसी हमले से लड़ने में मदद के लिए हथियार मुहैया कराने के मुद्दे पर पुनर्विचार करेगा। दक्षिण कोरिया एक उभरता हथियार निर्यातक है और उसके पास अमेरिका समर्थित एक सुसज्जित सेना है। दक्षिण कोरिया ने रूस के खिलाफ अमेरिकी नेतृत्व वाले आर्थिक प्रतिबंधों में शामिल होने के दौरान यूक्रेन को मानवीय और अन्य सहायता प्रदान की है।



## ऑफ बीट

# क्या पृथ्वी का वातावरण अब ज्यादा गर्म हो रहा



बोइज़, इडाहो के 12 वर्ष के जोसेफ का कहना है, 'मेरे माता-पिता ने कहा कि लोगों के रहने के लिहाज से ग्रह अत्यधिक गर्म हो रहा है। उन्होंने इसे जलवायु परिवर्तन बताया। इसका क्या मतलब है?' कई देशों में हाल ही में अत्यधिक गर्म मौसम देखा गया है, लेकिन अधिकांश बसे हुए विश्व में, यह कभी भी 'लोगों के रहने के लिए बहुत गर्म' नहीं होने वाला है, खासकर अपेक्षाकृत शुष्क जलवायु में। जब बाहर शुष्क स्थानों में गर्मी होती है, तो अधिकांश समय हमारा शरीर पसीने के रूप में हमारी त्वचा से पानी और गर्मी को वाष्पित करके ठंडा हो सकता है। हालाँकि, ऐसे स्थान भी हैं जहाँ कभी-कभी खतरनाक रूप से गर्म और आर्द्र हो जाता है, विशेषकर जहाँ गर्म रेगिस्तान गर्म महासागर के ठीक बगल में होते हैं। जब हवा नम होती है, तो पसीना जल्दी से वाष्पित नहीं होता है, इसलिए पसीना हमें उस तरह ठंडा नहीं करता है जैसा शुष्क वातावरण में होता है। मध्य पूर्व, पाकिस्तान और भारत के कुछ हिस्सों में, गर्मियों में गर्मी की लहरें समुद्र से आने वाली आर्द्र हवा के साथ मिल सकती हैं, और यह संयोजन वास्तव में घातक हो सकता है। उन क्षेत्रों में करोड़ों लोग रहते हैं, जिनमें से अधिकांश के पास इनडोर एयर कंडीशनिंग तक पहुंच नहीं है।

## ट्रेंड

### मिट्टी कैफे का उद्घाटन



समावेशी वातावरण बनाने की दिशा में एक और कदम उठाते हुए, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज राष्ट्रपति संपदा में मिट्टी कैफे का उद्घाटन किया। कर्मचारियों के साथ अपना जन्मदिन मनाया जो राष्ट्रपति से मिलने और उन्हें शुभकामनाएं देने के लिए उत्साहित थे।

-द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति

### द्विदलीय समर्थन को महत्व दें



हाउस फॉरेन जीओपी के अध्यक्ष रिपमैक कॉल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल में अमेरिकी कांग्रेस के मित्रों के साथ विचारों का बहुत अच्छा आदान-प्रदान हुआ। भारत अमेरिका व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को द्विदलीय समर्थन को महत्व दें।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री


### रोज़ाना लीक होता पर्चा



कैसी "परीक्षा पे चर्चा", जहां रोज़ाना लीक होता पर्चा! मोदी सरकार ने देश की शिक्षा व भर्ती प्रणाली को तहस-नहस कैसे किया है-नीट, यूजीसी-नेट, सीयू ईटी में पेपर लीक, धांधली और घोर अनियमितताओं का अब पर्दाफ़ाश हो चुका है।

-मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस अध्यक्ष

### अपराधियों के हौसले बुलंद



बिहार में सरकारी अपराधियों के हौसले इतने बुलंद है कि जब पीएम और सीएम दोनों सीएम के गृह जिला नालंदा में थे उसी वक्त सरकारी गुंडे स्कूल में घुस मुख्य अध्यापक को गोली मार तांडव मचा रहे थे।

-तेजस्वी यादव, राजद नेता

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com


MARUTI SUZUKI
NEXA
EXTEND YOUR PEACE OF MIND.
AVAIL 5 YEARS EXTENDED WARRANTY
ON THE GRAND VITARA STRONG HYBRID.
5 YEARS WARRANTY
2 YEARS + 3 EXTENDED YEARS
STRONG HYBRID
GRAND VITARA
1200+ km IN ONE FULL TANK#
INTELLIGENT ELECTRIC HYBRID
PANORAMIC SUNROOF
VENTILATED SEATS
6 AIRBAGS
EV MODE
WIRELESS SMARTPLAY PRO+
DIGITAL MULTI-INFORMATION DISPLAY
NEXA Safety Shield
Standard Across All Variants
SUZUKI-TECT BODY
DUAL FRONT AIRBAGS
ESP
SEAT BELT PRE-TENSIONERS WITH FORCE LIMITERS
ISOFIX CHILD SEAT ANCHORAGES
PEDESTRIAN PROTECTION COMPLIANCE
COMPLIANT WITH -
FULL FRONTAL IMPACT
FRONTAL OFFSET IMPACT
SIDE IMPACT
Features and accessories shown may not be a part of standard fitment. Black glass shade on the vehicle is due to lighting effect. Images used are for illustration purposes only.
"VISIT YOUR NEAREST NEXA DEALERSHIP TO GET EXCITING OFFERS UP TO ₹ 74 000*"
Know more about the Advanced Grand Vitara
Scan to chat on WhatsApp
BILASPUR: NEXA AUTOPARK (SATYA AUTO PVT. LTD. PH: 7089888884),
RAIGARH: NEXA KOTRA ROAD (M SQUARE MOTORS PH: 6269002140),
AMBIKAPUR: NEXA MG ROAD AMBIKAPUR (MAHAMAYA AUTOCARS PVT. LTD. PH: 7987898802),
KORBA: NEXA KORBA CENTRAL (SATYA AUTO PVT. LTD. PH: 9109134140).
Contact us at 1800-200-[6392], 1800-102-[NEXA] and visit www.nexaexperience.com to book online.
8 YEAR WARRANTY ON THE BATTERY^
Maruti Suzuki offers warranty of 8 years on Strong Hybrid battery.
*Terms & conditions apply. Black glass shade on the vehicle is due to the lighting effect. For details on functioning of safety features, including airbags, kindly refer to owner's manual. #Fuel efficiency as certified by test agency under rule 115 of CMVR 1989, with Fuel Tank capacity of 45L, range is 1258.65 km (45L x 27.97km/l) under standard test conditions. Results may differ depending on actual driving, road, and other conditions. Car model and accessories shown may vary from the actual product and car colour may vary due to printing on paper. All offers are brought to you by NEXA dealers only. Offers may vary subject to the model and variant purchased. Offers applicable for Zeta+ and Alpha+ variants of Grand Vitara only. All offers are applicable till 30th June'24 or till stocks last. Maruti Suzuki reserves the right to withdraw offers at any point in time without any advance notice. ^Maruti Suzuki offers warranty of ninety six (96) months or 1,60,000 kilometers (whichever occurs first) for Hybrid Electric Vehicle (HEV) battery from the date of invoice to the first owner.



जागरूकता / रजनी अरोड़ा

बच्चों, नित्य आसन और प्राणायाम करने से हम शारीरिक रूप से स्वस्थ ही नहीं रहते, दिमागी रूप से भी मजबूत बनते हैं। योग हमारे लिए कितना उपयोगी है, इन्हें तुम कैसे करो, बता रहे हैं **योग गुरु सत्य नारायण यादव।**

# योगाभ्यास करो हमेशा स्वस्थ-निरोगी रहो

बच्चों, योग हमारे प्राचीन ऋषि-मुनियों द्वारा मानव को दिया ऐसा वरदान है, जिसके नियमित और नियमपूर्वक अभ्यास से हम अपने तन और मन को स्वस्थ, निरोग और बलवान बना सकते हैं। अगर बच्चे अपनी नन्ही उम्र में ही योगाभ्यास शुरू कर दें तो उनके शरीर में गुड हार्मोंस और एनर्जी का फ्लो अधिक होगा। योग हमें फिजिकली, मेंटली और इमोशनली स्ट्रॉन्ग बनाता है। बच्चों जानो, अपने लिए कुछ उपयोगी योगासनों के बारे में। साथ ही इन्हें करने के नियम और इनसे होने वाले लाभ के बारे में भी जानो।

## ताड़ासन : शारीरिक विकास में सहायक

**अधिकांश आसन** हमारे शारीरिक विकास में बहुत सहायक होते हैं। विशेष तौर पर ताड़ासन, लंबाई बढ़ाने में सहायक होने के साथ-साथ शरीर के विभिन्न अंगों में बैलेंस बनाने में भी सहायक होता है। बढ़ती उम्र के बच्चों के लिए यह आसन बहुत ही लाभदायक है।

**ताड़ासन की विधि :** सबसे पहले दोनों पैर मिलाकर बिल्कुल सीधे खड़े हो जाओ। दोनों हाथ सामने लाओ और अंगुलियों को एक-दूसरे में फंसाकर लॉक कर लो। गहरी सांस लेते हुए हाथों को सिर के ऊपर ले जाओ। अब पंजों के बल उठो और हाथों को ऊपर की तरफ खींचो। इस पोजीशन में कुछ सेकेंड सांस रोक कर रखो, फिर धीरे-धीरे सांस छोड़ते हुए हाथ नीचे ले आओ और सीधे खड़े हो जाओ। *

## शशांक आसन, उष्ट्रासन : बढ़ती है शरीर की फ्लेक्सिबिलिटी

**ये आसन** नियमित करने से शरीर लचीला बनता है, मसल्स मजबूत होती हैं। स्पाइनल कॉर्ड को फ्लेक्सिबल बनाने के लिए शशांक आसन और उष्ट्रासन बहुत उपयोगी हैं। ये आसन करते हुए खून का प्रवाह नियमित होता है। खून का प्रवाह बढ़ने से बच्चों में आंखें कमजोर होने की समस्या दूर होती है, साथ ही मेमोरी भी बढ़ती है।

**शशांक आसन की विधि :** शशांक आसन करने के लिए पहले वज्रासन की मुद्रा में बैठ कर हाथ पीछे ले जाकर बाएं हाथ से दाएं हाथ को पकड़ो। धीरे-से गहरी सांस लो और सांस छोड़ते हुए घुटने की ओर आगे झुको। 3-4 मिनट इसी अवस्था में रुको। धीरे-धीरे सांस लेते हुए वापस वज्रासन वाली पोजिशन में आ जाओ।

**उष्ट्रासन करने की विधि :** उष्ट्रासन करने के लिए पहले वज्रासन की मुद्रा में घुटने के बल खड़े हो जाओ। हाथों को पैरों की एड़ियों पर रखकर शरीर को धीरे-धीरे पीछे ले जाओ और गर्दन को पीछे की ओर लेकर जाओ। इस पोजिशन में 5-6 सेकेंड रुको। धीरे-धीरे वापस वज्रासन की पोजिशन में आ जाओ। *





## वज्रासन : पॉश्चर ठीक रखने में मददगार

**पढ़ते समय** झुक कर पढ़ने की आदत से बच्चों के स्पाइनल कॉर्ड पर असर पड़ता है। इससे बॉडी का पॉश्चर खराब हो जाता है, गर्दन और कमर में दर्द रहने लगता है और नजर भी कमजोर हो जाती है। वज्रासन करने से खराब पॉश्चर और उनसे होने वाली समस्याओं से बचा जा सकता है। वज्रासन से स्पाइनल कॉर्ड सीधी रहती है।

**वज्रासन की विधि :** सबसे पहले योगा मैट पर घुटने के बल बैठ जाओ। दोनों पैरों के अंगूठे को एक-दूसरे से स्पर्श कराओ और एड़ियां थोड़ी खुली रखकर उस पर बैठ जाओ। अपने दोनों हाथ, पैरों के घुटने पर रखो। कुछ देर इसी अवस्था में बैठे रहो। इस दौरान नजरें सामने और रीढ़ की हड्डी बिल्कुल सीधी रखो। अधिकांश आसन खाली पेट किए जाते हैं लेकिन इस आसन को तुम खाना खाने के बाद भी कर सकते हो। *

## प्राणायाम : बढ़ता है कंसंट्रेशन और मेमोरी पॉवर

**बच्चों, अगर** तुम आसन और प्राणायाम का नियमित अभ्यास करोगे, तो इससे तुम्हारी मेमोरी भी शार्प होगी, साथ ही तुम्हारा कंसंट्रेशन लेवल भी बढ़ेगा। एक रिसर्च के मुताबिक स्क्रीन टाइम बढ़ने से बच्चों में मायोपिया (नजर कमजोर होना) की समस्या को दूर करने के लिए रोजाना 15 मिनट अनुलोम-विलोम प्राणायाम करना फायदेमंद होता है। इसके अलावा प्रणव यानी 'ओम' का उच्चारण, अर्ध शीर्षासन, शीर्षासन जैसे योगासन के नियमित अभ्यास से दिमाग में रक्त प्रवाह सुचारु तरीके से होता है, जिससे स्मरण शक्ति बढ़ती है। किसी काम को करने में दिमाग अधिक फोकस्ड रहता है, जिससे तुम किसी भी काम को अच्छी तरह एकाग्रता से कर पाओगे। यानी योग तुम्हें सुपर स्मार्ट बनाता है।

**प्रणव उच्चारण की विधि :** प्रणव उच्चारण में आलती-पालथी मारकर बैठ जाओ और हाथों को ज्ञान मुद्रा में रखो। लंबी गहरी सांस लेते हुए 'ओम' का उच्चारण करो। यह एक तरह का मेडिटेशन है। हो सके तो ओम का उच्चारण तीन हिस्सों में बांटकर करो- आ, ऊ और म। बच्चों, कोई भी योगासन करने से पहले इस बात का ध्यान रखना कि इसे अनुभवी योगा गुरु या प्रशिक्षक से अच्छी तरह सीखने के बाद ही इनका अभ्यास करना। *



### कब करें योग

बच्चों, तुम अपनी सुविधानुसार सुबह-शाम किसी भी समय योग कर सकते हो। चाहे तो दोनों समय 20-30 मिनट तक योगाभ्यास कर सकते हो।

### योग के विशेष लाभ

**रहेगा वेट पर कंट्रोल :** बच्चों, योग हमारे बॉडी वेट को बैलेंस करने में सहायक होता है। इससे अधिक वजन वाले बच्चे का वजन कम होता है और कम वजन वाले बच्चों का वजन ठीक हो जाता है। यानी योग अधिक वजन वाले और दुबले-पतले, दोनों तरह के बच्चों के लिए फायदेमंद है। योग से मांसपेशियों को ताकत मिलती है, जिससे दुबले बच्चे भी बलवान बन सकते हैं, वहीं दूसरी ओर योग के नियमित अभ्यास से शरीर से फैट कम होता है, जिससे वजन कम करने में मदद मिलती है।

**स्ट्रेस होगा कम, बढ़ेगा कॉन्फिडेंस :** योगासन और मेडिटेशन, पढ़ाई, एग्जाम या दूसरी चीजों को लेकर बच्चों में होने वाले स्ट्रेस को कम करने में मदद करता है। डीप ब्रीदिंग के साथ किए जाने वाले विभिन्न योगासनों से फेफड़े मजबूत होते हैं। नियमित प्राणायाम से फेफड़ों की ऑक्सीजन ग्रहण करने की क्षमता बढ़ जाती है, जिससे शरीर की कोशिकाओं को सही ढंग से ऑक्सीजन मिलने लगती है, इसका पूरे शरीर पर सकारात्मक असर पड़ता है। तन-मन पर नियंत्रण और दिमाग को शांत रहता है। इससे तुम कठिन से कठिन परिस्थिति में शांत रहकर काम कर सकते हो। साथ ही तुम्हारा कॉन्फिडेंस लेवल भी बढ़ता है।

## जीके क्विज-109

1. भारत के अगले थल सेना प्रमुख कौन होंगे?
2. हाल ही में कौन लगातार तीसरी बार अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री बने हैं?
3. योग का जनक (फादर ऑफ योगा) किसे कहा जाता है?
4. पहला अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कब मनाया गया था?
5. दीपा कर्मकार किस खेल के लिए जानी जाती हैं?
6. किस नदी को 'चीन का शोक' कहा जाता है?
7. कौन-सा अंग हमारे रक्त को शुद्ध करता है?
8. डुरंड कप किस खेल से संबंधित है?
9. किस देश को 'केक की भूमि' भी कहा जाता है?
10. सेब में कौन सा अम्ल पाया जाता है?



बच्चों, जीके क्विज-109 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-108 का उत्तर :** 1.चंद्रबाबू नायडू और मोहन चरण माझी, 2.ज्योति रात्रे, 3.विटामिन ए, 4.महात्मा गांधी, 5.बाबर, 6.भारत और चीन, 7.बौद्ध धर्म, 8.लैक्टोमीटर, 9.तबला, 10.वुलर झील

**जीके क्विज-108 का सही उत्तर देने वाले :** अजय साहू-धमतरी, मानवी मधुकर-बिलासपुर, कबीर-हिसार, बाबला-ईमेल से, बिंदा ध्रुव-ईमेल से, पिंकी-बिलासपुर, दीक्षा-रायपुर, क्षमानिधि-बेमेतरा, सरबजीत-करनाल, बी आकांक्षा-अहमदाबाद, बी ईशान-अहमदाबाद, दिव्या-रायपुर, समीर-रोहतक

## हंसगुल्ले



**सोनू :** क्या हुआ भाई, उदास क्यों बैठे हो?
**मोनू :** सुबह एक न्यूज चैनल के एंकर ने कहा था, 'आइए, हम आपको गोवा लेकर चलते हैं...।' तभी से तैयार होकर बैठा हूं, लेकिन अभी तक कोई आया ही नहीं।
-रंजीत, हिसार

**टीचर :** रोहित, तुम रोज स्कूल आने में लेट क्यों हो जाते हो?
**रोहित :** सर, एक बोर्ड के कारण।
**टीचर :** कैसा बोर्ड?
**रोहित :** रास्ते में एक बोर्ड है, जिस पर लिखा है- 'आगे स्कूल है, कृपया धीरे चलें।'
-दिव्यम, भोपाल

**साइंस टीचर :** कौन-सा लिक्विड गर्म करने पर सॉलिड बन जाता है?
**राजू :** बेसन के पकौड़े।
-तनुजा, बेमेतरा

## कहानी

सरस्वती रमेश

# योग का करिश्मा

शिवा को फास्ट फूड खाने में बहुत मजा आता था। फास्ट फूड खाने के कारण वह फैटी हो गया। फैटी हुआ तो आलसी भी हो गया। उसके मम्मी-पापा चिंतित रहते। इस बीच शिवा अपने मम्मी-पापा के साथ गांव गया। वहां दादा जी भी उसे देखकर चिंतित हुए। लेकिन उन्होंने शिवा की दिनचर्या ऐसी बदली कि एक करिश्मा-सा हो गया।

शिवा को फास्ट फूड खाना बहुत पसंद था। बर्गर, चाउमीन, पिज्जा ये सब चीजें खाने के लिए वह अकसर ही जिद करता। हालांकि मम्मी को पता था, फास्ट फूड सेहत के लिए अच्छा नहीं है, लेकिन शिवा की जिद के आगे उन्हें झुकना पड़ता। पापा की डांट का भी उस पर कुछ असर नहीं होता। फास्ट फूड खाने से शिवा का वजन लगातार बढ़ रहा था। बढ़े वजन के कारण कोई भी काम करने में उसे थकान महसूस होती। अब तो वह आलस के कारण शाम को खेलने के लिए पार्क भी नहीं जाता था। दिन में घंटों मोबाइल में वीडियो गेम खेलता। मम्मी उसके बढ़ते वजन और मोबाइल की लत से परेशान रहतीं।

इधर कुछ दिनों से शिवा के पेट में अकसर दर्द उठने लगा था। डॉक्टर ने साफ-साफ शब्दों में आगाह किया, 'शिवा, तुम्हारे डाइजेशन में दिक्कत शुरू हो गई है। फास्ट फूड बिल्कुल नहीं खाना है। साथ ही वेट भी कम करना होगा।'

डॉक्टर की बात सुनकर मम्मी-पापा चिंतित हो गए। उन्हें समझ नहीं आ रहा था शिवा का वजन कैसे कम हो? एक दिन पापा ने शिवा की मम्मी से कहा, 'क्यों न हम लोग कुछ दिनों के लिए गांव हो आएं। शिवा की गर्मियों की छुट्टियां भी चल रही हैं। गांव में शायद उसकी आदतों में कुछ सुधार हो जाए।'

'हां मुझे भी लगता है।' मम्मी ने भी हामी भरी।

चार दिन बाद ही सब गांव आ गए। गांव में दादाजी, चाचाजी और उनके बच्चे रिंकी और सोनू रहते हैं। पहले ही दिन चाची ने दोपहर में सबके लिए स्वादिष्ट खाना बनाया। रोटी में चुपड़ी देसी घी की महक ने खाने के स्वाद को कई गुना बढ़ा दिया। खाना खाकर शिवा बोला, 'इतना स्वादिष्ट तो पिज्जा भी नहीं होता।' शिवा की बात सुनकर सब हंसने लगे।



शिवा का मोटा शरीर देखकर दादाजी को चिंता हुई। उन्होंने शिवा के पापा से इस बारे में बात की। वह बोले, 'हां पिताजी, शिवा का वजन बढ़ना हमारे लिए चिंता की बात है। वजन कम करने के लिए इसे बुरी आदतें छोड़ने के लिए कहता हूं, लेकिन यह मानता ही नहीं।'

दादाजी बोले, 'तुम चिंता मत करो, मैं सब संभाल लूंगा।'

शाम को शिवा अपने चचेरे भाई-बहनों के साथ खेतों में घूमने निकल गया। ठंडी हवा चल रही थी। गांव शिवा को बहुत अच्छा लग रहा था। वहां के माहौल और भाई-बहनों के साथ में वह कुछ यूं रमा कि मोबाइल और वीडियो गेम की उसे सुध ही नहीं रही।

अगले दिन शिवा सुबह जल्दी उठ गया। उसने देखा, दादाजी रिंकी और सोनू के साथ प्राणायाम और योग कर रहे हैं। वह भी उनके पास जाकर बैठ गया। दादाजी उससे बोले, 'योग और प्राणायाम करने से बीमारियां दूर रहती हैं। शरीर चुस्त-दुरुस्त रहता है। तुम भी प्राणायाम और योग करो शिवा।'

'मुझसे नहीं होगा।' शिवा बोला।

'कोशिश तो करो।' दादाजी बड़े प्यार से उसके सिर पर हाथ फेरते हुए बोले।

'जी दादाजी..।' शिवा आसानी से मान गया।

वजन ज्यादा होने से शिवा को योग आसन करने में थोड़ी दिक्कत हुई, लेकिन जब उसने कोशिश की तो प्राणायाम-योग करने लगा।

रोज सुबह योग का अभ्यास करने से जल्द ही उसे कई तरह के आसन अच्छे से आ गए। ताजे फल, दूध, दही, छाछ, हरी सब्जियां खाने से उसकी पाचन क्रिया भी दुरुस्त होने लगी। वह सुबह-शाम बाहर की खुली ताजी हवा में बिताता, जिससे उसकी फिजिकल एक्टिविटी ज्यादा हो रही थी। उसका बढ़ा हुआ वजन तेजी से कम होने लगा। थकान और आलस की समस्या भी दूर हो गई। अब तो वह मजे से दौड़ता, भागता, खेलता। उसके पेट का दर्द भी छूमंतर हो चुका था।

करीब एक माह बाद शहर लौटने का दिन आ गया। शहर जाते समय दादाजी ने शिवा से पूछा, 'गांव में कैसा लगा बेटा?'

'बहुत अच्छा दादाजी। शहर में अब ये सब नहीं मिल पाएगा।' शिवा कुछ दुखी मन से बोला।

दादाजी ने समझाया, 'शहर में भी प्राणायाम और योगासन किया जा सकता है। अनहेल्दी खाने से दूर रहकर हेल्दी डाइट ली जा सकती है, स्वस्थ और फुर्तीला रहा जा सकता है। तुम प्रॉमिस करो, वहां जाकर यहां की अच्छी आदतें भूलोगे नहीं।'

'जी दादाजी, बिल्कुल नहीं भूलूंगा।' शिवा तुरंत बोला।

शिवा में आए इस बदलाव को देखकर मम्मी-पापा की सारी चिंताएं दूर हो गई थीं। दोनों ने अपने बेटे में आए करिश्माई बदलाव के लिए दादाजी को धन्यवाद दिया। वे खुशी-खुशी शिवा को लेकर वापस शहर आ गए। *

## कविता

गोविंद भारद्वाज



### योग दिवस

योग दिवस है आज योग दिवस,
आओ मिलकर योग करें।
जाति-धर्म का भेद मिटाकर हम,
सबका ही सहयोग करें।
स्वस्थ रहेगी काया अपनी,
स्वच्छ रहेगा फिर मन।
अभ्यास करो-अभ्यास करो
खर्च न होगा कोई धन।
विश्व गुरु भारत अपना जो
सबको योग सिखलाए।
लाभ मिलेंगे क्या-क्या इससे,
दुनिया को ये बतलाए।
बिछाकर आसन अपना सारे,
दूर सदा हर रोग करो।
योग दिवस है आज योग दिवस,
आओ मिलकर योग करें।


## गिनकर बताओ

बच्चों, दिए गए चित्र में कुछ बच्चे पार्क में योग के अलग-अलग आसन कर रहे हैं। तुम गिनकर बताओ कि चित्र में कुल कितने बच्चे योगाभ्यास कर रहे हैं?



## रास्ता खोजो

बच्चों, हर्षित को पार्क में योगाभ्यास कर रहे अपने दोस्तों के पास पहुंचना है। लेकिन पार्क तक पहुंचने का रास्ता बहुत टेढ़ा-मेढ़ा है। हर्षित को अपने दोस्तों तक पहुंचने में मदद तो करो जरा।



## बूझो तो जानें



1
कितने रंग प्रकाश में होते
कहो! कौन वह दानी।
होकर मौन भोर में आए
वह है ज्ञानी, ध्यानी।।

2
कौन दिनेश, मित्र, दिवाकर
कौन भानु है भास्कर जी।
वही विहंगम, अरुण, मार्तंड
वही प्रभाकर दिनकर जी।।

3
कौन अंशुमाली है जग का
कौन रवि और मंदार।
है आदित्य भगत सुखकारी
कौन लुटाए जग को प्यार।।

4
किरणें जिसकी जीवन देतीं
पेड़-पौध को वही संवारे।
स्थिर है पर लगता चलता
अस्थि सबलता करे उजारे।।

-राकेश चक्र

उत्तर : चारों पहेलियों का जवाब है- सूर्य

# दूध के बाद अब दही 20 और पनीर 40 रुपए महंगा, मिठाई के भी दाम बढ़ेंगे



हरिभूमि न्यूज : रायपुर

अमूल दूध की कीमत में दो रुपए का इजाफा होने के बाद अब सभी कंपनियों ने अपने दूध की कीमत में इजाफा कर दिया है। इसका असर यह हुआ है कि अब मिठाई कारोबारियों ने दही के दाम 20 रुपए और पनीर 40 रुपए प्रति किलो बढ़ा दिए हैं। आने वाले समय में मिठाई की कीमत में भी इजाफा करने की तैयारी है। मिठाई की कीमत में बीते साल से इजाफा नहीं किया गया है, जबकि मार्च 2022 और फरवरी 2023 के बीच में दूध की कीमत में चार बार में 8 रुपए का इजाफा किया गया था। महंगाई है कि थमने का नाम नहीं ले रही है। खासकर किचन के सामान के दाम लगातार आसमान पर जा रहे हैं। इस माह दूध की कीमत में सभी कंपनियों ने दो रुपए किलो का इजाफा कर दिया है। साथ ही दही की कीमत में भी बढ़ोतरी की है। दूध महंगा होने का असर अब दुग्ध उत्पादों पर भी दिखने लगा है। दूध बेचने वाली कंपनियां तो दही और पनीर पैकेट में बेचती है, लेकिन मिठाई दुकानों के साथ डेयरी तथा किराना दुकानों में दही, पनीर खुला भी बेचा जाता है। इसकी कीमत भी अलग-अलग होती है। राजधानी के मिठाई कारोबारियों ने दूध की कीमत बढ़ने के बाद अब जहां दही की कीमत में 20 रुपए का प्रति किलो पर इजाफा किया है, वही पनीर की कीमत भी 40 रुपए बढ़ाई है। पहले जो दही 120 रुपए किलो थी, वह अब 140 और पनीर 400 से 440 रुपए हो गया है। कारोबारियों के मुताबिक जहां 10 लीटर दूध में 8 किलो दही बनती है, वहीं 10 लीटर दूध में दो किलो से कम पनीर बनता है। ऐसे में पुरानी कीमत पर दही और पनीर बेचना संभव नहीं है।

### बढ़ेगी मिठाई की कीमत

स्वीट इंडिया के संचालक संजय विरानी के मुताबिक अब मिठाई की कीमत भी बढ़ाने की तैयारी है। इसके लिए राजधानी रायपुर के मिठाई कारोबारियों की एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ इसी माह कभी भी बैठक होगी, इसमें तय किया जाएगा कि दूध से बनने वाली किस मिठाई की कितनी कीमत बढ़ानी है।

रायपुर। बलौदा बाजार की घटना को लेकर जेसीसीजे प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी के 1 जुलाई से आमरण अनशन की घोषणा के बाद सतनामी समाज एवं पार्टी से जुड़े लोगों के साथ बैठक हुई। उन्होंने कहा, सतनामी समाज के निर्दोष लोगों को फंसाने का प्रयास किया जा रहा है।

# फारेस्ट दफ्तर से चंदन के 16 पेड़ गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

विधानसभा भवन के ठीक सामने राज्य वन अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र से चंदन के 16 पेड़ गायब हो गए। पेड़ों को डीजल आरी से काटा गया है। कहा जा रहा है कि चोरों ने इस काम को अंजाम दिया है। काटने के बाद 19 में से 16 पेड़ चोर ले जाने में कामयाब रहे, तीन पेड़ को मौके पर ही छोड़ दिया। पेड़ काटे जाने की जानकारी मिलने पर विभागीय अफसरों में हड़कंप मच गया। मामले की अपनेस्तर पर जांच करने के बाद घटना की रिपोर्ट विधानसभा थाना में दर्ज कराई गई है। विधानसभा पुलिस के मुताबिक चोर जो चंदन के पेड़ को काटकर ले गए हैं, उन पेड़ों को 12 वर्ष पूर्व रोपा गया था। चोर जिन पेड़ों को काटकर ले गए हैं, उनकी ऊंचाई 10 से 12 फीट के करीब है। पेड़ काटकर चोरी कर ले जाने में कौन लोग शामिल हैं, इसका पुलिस जांच के बाद ही पता चलेगा।

खास खबर

### चोरी का अंदेशा, तीन पेड़ काटकर छोड़ गए



पेड़ों की कटाई कर चोरी कर ले जाने का किसी को सबूत न मिले, इस बात को ध्यान में रखते हुए चोर एसएफआरटीआई परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे तक उखाड़ कर ले गए। हालांकि चोर डीवीआर ले जाने में कामयाब नहीं हुए। डीवीआर की जांच के बाद ही पेड़ काटकर ले जाने वालों का फूटेज पुलिस को मिल सकता है। जिस जगह पेड़ों की कटाई की गई है, वहां मौके पर पहुंचे एसएफआरटीआई के प्रशिक्षुओं ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए बताया कि यहां पूर्व में काफी ज्यादा मात्रा में झाड़ियां होती थीं, जिस वजह से वो यहां तक नहीं पहुंच पाते थे। वर्तमान में जगह साफ है। इससे साबित होता है, पेड़ काट कर ले जाने वाले चोरों ने पहले झाड़ियों की सफाई की, उसके बाद पेड़ काट कर ले जाने की घटना को अंजाम दिया।

### लगाए गए थे 200 पेड़

एसएफआरटीआई परिसर में दो सौ पेड़ों का रोपण किया गया था। जिस जगह से चोर पेड़ काटकर ले गए गए हैं, वह एसएफआईटीआई परिसर से करीब 500 मीटर अंदर है। मुख्य दरवाजे पर सुरक्षा गार्ड तैनात रहते हैं। रात के समय गार्ड मेन गेट को ताला लगाकर चले जाते हैं। पेड़ों की कटाई कर चोरी कर ले जाने की घटना 15 दिन पूर्व होने की आशंका है।

### जांच के आदेश दिए गए

पेड़ काट कर ले जाए जाने की जांच आदेश दे दिए गए हैं। मामले की जांच एसडीओ को सौंपी गई है। मामले की शिकायत थाने में भी दर्ज करा दी गई है। पुलिस तथा विभागीय जांच रिपोर्ट आने के बाद ही पेड़ काटने वालों के बारे में जानकारी मिल पाएगी।

- अनिल साहू, पीसीसीएफ
राज्य वन अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान


## कार्यालय, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश बिलासपुर छ.ग.

– :: ज्ञापन ::–

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 01/2024–25 बिलासपुर, दिनांक 18 जून, 2024

जिला न्यायालय परिसर बिलासपुर में स्थित पुराने न्यायालय भवन के उपयोग हेतु 01 नग डी.जी. सेट (डीजल जनरेटर) 250 के.वी.ए. क्रय किया जाना है। अतः छ.ग. भण्डार क्रय नियम, 2002 के अनुपालन में पंजीकृत संस्थानों से निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विवरण जिला न्यायालय बिलासपुर की वेबसाईट https://bilaspur.dcourts.gov.in से प्राप्त की जा सकती है। निविदायें दिनांक 22-07-2024 को शाम 05:00 बजे तक कार्यालय, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बिलासपुर में जमा किया जा सकता है। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त होने वाली निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।

स्थान :– बिलासपुर

सही /–
कार्यालय, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश
बिलासपुर (छ.ग.)

जी - 242500435/2



## छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
कार्यालय कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, पेण्ड्रारोड, जिला - गौरेला पेण्ड्रा मरवाही (छ.ग.)

### निविदा निरस्तीकरण आदेश

आदेश क्रमांक 2149 / व.ले.लि. / पेण्ड्रारोड़, दिनांक 18/06/2024

1. निविदा सूचना क्र. 12 / वलेलि / 2023–24, दिनांक 21.02.2024 (प्रथम आमंत्रण) का निविदा सिस्टम क्रमांक 153179 बरपाली व्यपवर्तन योजना की शीर्ष कार्य एवं नहरों का मरम्मत एवं जीर्णोद्धार कार्य तथा सी.सी. लाईनिंग कार्य का निर्माण कार्य एवं

2. निविदा सूचना क्र. 14 / वलेलि / 2023–24 / दिनांक 23.02.2024 (प्रथम आमंत्रण) का सिस्टम निविदा क्र. 153226 खुदरी जलाशय योजना के शीर्ष कार्य का सुदृढ़ीकरण कार्य के निर्माण कार्य की निविदा को अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है।

कार्यपालन अभियंता,
जल संसाधन संभाग, पेण्ड्रारोड़
जिला गौरेला पेण्ड्रा मरवाही (छ.ग.)

जी - 242500400/3


### किशोरी से रेप, उम्र कैद

रायपुर। मुजगहन थाना क्षेत्र में चार वर्ष पूर्व मानसिक रूप से कमजोर किशोरी से रेप के आरोपी को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार सोम की कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। लोक अभियोजक यास्मिन बेगम के मुताबिक किशोरी से रेप के आरोप में कोर्ट ने ईश्वर यादव को कैद की सजा सुनाई है। साथ ही कोर्ट ने किशोरी के पुनर्वास के लिए शासन से आठ लाख रुपए देने की अनुशंसा की है। परिजनों को रेप की जानकारी किशोरी के गर्भवती होने के बाद मिली।

### बोर गाड़ी से कुचले जाने पर बाइक चालक की मौत

रायपुर। विधानसभा थाना क्षेत्र में बोर गाड़ी से कुचले जाने पर बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने अपराध दर्ज कर बोर गाड़ी को जब्त कर ड्राइवर के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस के मुताबिक बोर गाड़ी से कुचले जाने से चित्र कुमार की मौत हुई है। चित्र कुमार अपने साला तथा साढ़ू के साथ एक मृतक कार्यक्रम में शामिल होने धनेली जा रहे थे। टेकारी मोड़ के पास टीएन 34 टी 2238 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को ठोकर मार दी। बोर गाड़ी की ठोकर लगने से चित्र कुमार बाइक से गिर गया और उसकी बोर गाड़ी के पहिया से कुचलकर मौत हो गई।


## छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
कार्यालय मुख्य अभियंता
महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ.ग.)

### ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना

e Procurement Portal: https://eproc.costate.gov.in
(प्रथम आमंत्रण)

सिस्टम निविदा क्र. 154888 / निविदा सूचना क्र. 01 / वलेलि / 2024–25,
बेमेतरा दिनांक 19.06.2024

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 10.07.2024 17:30 तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है :– कार्य का नाम बेमेतरा जिले के विकासखंड साजा की गडुवा बाढ़ नियंत्रण कार्य।

**अनुमानित लागत- रू. 350.26 लाख**

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई–प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 26.06.2024 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड़ किये जा सकते है।

नोट : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई–प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, बेमेतरा
कृते मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार,
जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)

जी. 242500430/3



## कार्यालय वनमण्डलाधिकारी (सा.) मनेन्द्रगढ़ वनमण्डल, मनेन्द्रगढ़ (छ.ग.)

### नीलाम विज्ञापन

सामान्य सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि मनेन्द्रगढ़ वनमण्डल के काष्ठागार मनेन्द्रगढ़ में दिनांक 27–06–2024 को नये पुराने ईमारती काष्ठ, जलाऊ चट्टों का अधोलिखित विवरण के अनुसार प्रातः 09:00 बजे से नीलाम किया जाना प्रस्तावित है। इच्छुक व्यक्तियों से अनुरोध है कि वे नीलाम में भाग लेवें नीलाम शर्त एवं जानकारी कार्यालय से अथवा नीलाम स्थान से प्राप्त किया जा सकता है।

क्रेताओं को सलाह दी जाती है कि बोली बोलने के पूर्व प्रत्येक लॉट का भली–भांति निरीक्षण कर लेंवें तथा संतुष्टि उपरांत ही बोली लगायें। नीलाम के समय घोषित मात्रा सही व अंतिम रूप से मान्य होगी।

| क्र. | प्रजाति | नये काष्ठ | | पुराने काष्ठ | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | लट्ठा घ.मी. | बल्ली नग | लट्ठा घ.मी. | बल्ली नग |
| 1 | सागौन | 5.600 | 0 | 1.231 | 187 |
| 2 | साल | 280.550 | 0 | 576.521 | 824 |
| 3 | साजा | 10.200 | 0 | 34.926 | 201 |
| 4 | सतकठा | 5.395 | 0 | 0 | 40 |
| 5 | खम्हार | 0 | 0 | 1.176 | 21 |
| 6 | हल्दू | 0 | 0 | 2.612 | 9 |
| योग :– | | 301.745 | 0 | 616.466 | 1282 |
| जलाऊ मिश्रित | | 100 चट्टा नया | | निरंक | |

टीप :– 1. ईमारती काष्ठ की नीलामी पहले 09.00 बजे प्रातः में की जावेगी तत्पश्चात जलाऊ चट्टों की नीलामी की जावेगी।
2. छत्तीसगढ़ राज्य के किसी भी वनमंडल का पंजीकृत ठेकेदार ही नीलाम में भाग ले सकेंगे।
3. समस्त क्रेता को आयकर पेन कार्ड, वाणिज्य कर का जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन एवं छ.ग. राज्य के किसी वनमण्डल का वर्ष 2023 के व्यापारी का रजिस्ट्रेशन की प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
4. कृपया क्रेता ईमारती एवं जलाऊ का ई. एम. डी. राशि का अलग–अलग चेक देवें।

वनमण्डलाधिकारी
मनेन्द्रगढ़ वनमण्डल, मनेन्द्रगढ़

जी-242500439/4



## छत्तीसगढ़ संवाद
(जनसंपर्क संचालनालय की सहयोगी संस्था)
नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर, जिला - रायपुर (छ.ग.)
वेबसाइट- http://samvad.cg.nic.in/ फोन नं. 0771-2512580

क्रमांक 367/ छगसं./ प्रकाशन / 2024 नवा रायपुर, दिनांक 20/06/2024

**वर्ष 2024– 26 तक के लिए ईको फ्रेंडली डिजिटल वॉल प्रिंटिंग एवं पेस्टिंग के माध्यम से प्रचार–प्रसार हेतु दर निर्धारण एवं योग्य फर्मों के इम्पैनलमेंट हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रण सूचना**

छत्तीसगढ़ संवाद (जनसंपर्क विभाग की सहयोगी संस्था) द्वारा ईको फ्रेंडली डिजिटल वॉल प्रिंटिंग एवं पेस्टिंग के माध्यम से प्रचार–प्रसार हेतु दर निर्धारण एवं योग्य फर्मों के इम्पैनलमेंट हेतु निर्धारित प्रारूप में समस्त वांछित दस्तावेजों सहित पूर्ण भरे हुए निविदा आनलाईन माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा प्रारूप एवं नियम शर्तों का अवलोकन छत्तीसगढ़ संवाद की वेबसाईट http://samvad.cg.nic.in पर किया जा सकता है। प्रारूप एवं नियम शर्तों में संशोधन होने पर संशोधन की सूचना उक्त वेबसाइट के माध्यम से दी जाएगी, पृथक से समाचार पत्रों में सूचना प्रकाशन नहीं की जाएगी। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि निम्नानुसार है :-

| | |
|---|---|
| निविदा प्रपत्र का शुल्क | रूपये 1180/–(जीएसटी सहित) वापसी योग्य नहीं) |
| अमानत राशि | रूपये 1,00,000/– (बिना ब्याज के वापसी योग्य) |
| निविदा में भाग लेने हेतु रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि | दिनांक 07/08/2024 समय 2:00 बजे अपरान्ह तक |
| ऑनलाईन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | दिनांक 07/08/ 2024 समय 3:00 बजे अपरान्ह तक |
| निविदा खोलने की अंतिम तिथि | दिनांक 07/08/ 2024 समय 4:00 बजे सायं से |

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
छत्तीसगढ़ संवाद
नवा रायपुर अटल नगर

संवाद-40493



## MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR
## OFFICE OF THE COMMISSIONER MUNICIPAL CORPORATION

NIT NO.391/Helth/Zone-9/2024 RAIPUR DATED: 20/06/2024

**e-Procurement Tender Notice**
**Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in**
**(1st Call)**

Online bids are invited for the following works of works up to Date 12/07/2024 at 17:30 hours.

| Sr. No. | System Tender No. | Name of work/ Description of work | Probable amount of contract | Earnest Money Deposit | Eligible class of Contractor/Firm | Time Period |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 155129 | कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड क्रमांक-07 में 50 अकुशल श्रमिक (सफाई कर्मचारी) कलेक्टर दर पर प्लेसमेंट एजेन्सी के माध्यम से रखे जाने हेतु | 74,07,600/- | Rs. 70,000/- | श्रम आयुक्त कार्यालय ई.पी.एफ. कार्यालय कर्मचारी राज्य बीमा निगम में पंजीकृत | 12 Month |
| 2 | 155132 | पं. मोतीलाल नेहरू वार्ड क्रमांक-08 में 36 अकुशल श्रमिक (सफाई कर्मचारी) कलेक्टर दर पर प्लेसमेंट एजेन्सी के माध्यम से रखे जाने हेतु | 53,33,472/- | Rs. 70,000/- | श्रम आयुक्त कार्यालय ई.पी.एफ. कार्यालय कर्मचारी राज्य बीमा निगम में पंजीकृत | 12 Month |
| 3 | 155133 | डॉ. भीमराव अंबेडकर वार्ड क्रमांक-09 में 40 अकुशल श्रमिक (सफाई कर्मचारी) कलेक्टर दर पर प्लेसमेंट एजेन्सी के माध्यम से रखे जाने हेतु | 59,26,080/- | Rs. 70,000/- | श्रम आयुक्त कार्यालय ई.पी.एफ. कार्यालय कर्मचारी राज्य बीमा निगम में पंजीकृत | 12 Month |
| 4 | 155134 | शहीद वीर नारायण सिंह वार्ड क्रमांक-33 में 35 अकुशल श्रमिक (सफाई कर्मचारी) कलेक्टर दर पर प्लेसमेंट एजेन्सी के माध्यम से रखे जाने हेतु | 51,85,320/- | Rs. 70,000/- | श्रम आयुक्त कार्यालय ई.पी.एफ. कार्यालय कर्मचारी राज्य बीमा निगम में पंजीकृत | 12 Month |
| 5 | 155137 | जोन क्रमांक-9 अंतर्गत कचना बी.एस.यू.पी. के लिए 15 अकुशल श्रमिक (सफाई कर्मचारी) कलेक्टर दर पर प्लेसमेंट एजेन्सी के माध्यम से रखे जाने हेतु | 22,22,280/- | Rs. 70,000/- | श्रम आयुक्त कार्यालय ई.पी.एफ. कार्यालय कर्मचारी राज्य बीमा निगम में पंजीकृत | 12 Month |
| 6 | 155139 | जोन क्रमांक-9 अंतर्गत हाउसिंग बोर्ड कालोनी के लिए 36 अकुशल श्रमिक (सफाई कर्मचारी) कलेक्टर दर पर प्लेसमेंट एजेन्सी के माध्यम से रखे जाने हेतु | 53,33,472/- | Rs. 70,000/- | श्रम आयुक्त कार्यालय ई.पी.एफ. कार्यालय कर्मचारी राज्य बीमा निगम में पंजीकृत | 12 Month |
| 7 | 155140 | जोन क्रमांक-9 अंतर्गत आने वाले बी.एस.यू.पी. खालबाड़ा के लिए साफ-सफाई हेतु 15 अकुशल श्रमिक (सफाई कर्मचारी) कलेक्टर दर पर प्लेसमेंट एजेन्सी के माध्यम से रखे जाने हेतु | 22,22,280/- | Rs. 70,000/- | श्रम आयुक्त कार्यालय ई.पी.एफ. कार्यालय कर्मचारी राज्य बीमा निगम में पंजीकृत | 12 Month |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal https:// eproc.cgstate.gov.in from 20/06/2024 17:30 Hours (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal.

**Note:-** (1) All eligible/interested Contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal (2) Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. Help Desk at Toll Free No. 18004199140 or through Email ID helpdesk.eproc@cgswan.gov.in (3) प्रत्येक कार्य के लिए निविदा शुल्क देना होगा। निविदा शुल्क राशि रू. 2,000/- मात्र देय डिमांड-ड्राफ्ट आयुक्त नगर पालिक निगम, रायपुर के नाम से देय होगा तथा वापसी अयोग्य होगी।

घरों से निकलने वाले गीला और सूखा कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें

ZONE COMMISSIONER
ZONE-09
MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR (C.G.)


## राशिफल

**मेष** मन में नकारात्मक विचारों से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। माता का सानिध्य मिलेगा।

**वृष** व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। संगीत में रुचि हो सकती है।

**मिथुन** भागदौड़ अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अनियोजित खर्चों में वृद्धि हो सकती है। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**कर्क** क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह** नौकरी में तरक्की के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। यात्रा पर जाना हो सकता है। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**कन्या** धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार का विस्तार हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**तुला** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। धन की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। माता से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**धनु** पठन–पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। भाग–दौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** आलस्य की अधिकता रहेगी। कारोबार का विस्तार होगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बहन–भाइयों का सहयोग मिलेगा।


**कुंभ** कुटुम्ब–परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। बातचीत में संयत रहें।

**मीन** शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा, परन्तु शैक्षिक कार्यों में कठिनाई भी आ सकती है। जीवनसाथी से मतभेद बढ़ सकते हैं। सुखद समाचार मिलेगा।

### मामूली विवाद पर चाकू से जानलेवा हमला

रायपुर। टिकरापारा थाना में पेशे से एक ड्राइवर ने अपने साथी के खिलाफ मामूली कहासुनी में चाकू से जानलेवा हमला करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक बोरियाखुर्द निवासी सौमिल केशरवानी ने मूलतः धमतरी निवासी दिपांशू के खिलाफ चाकू से जानलेवा हमला करने की शिकायत दर्ज कराई है। दिपांशू ने पुलिस को बताया है कि किसी बात को लेकर दिपांशू के साथ बहस होने पर दिपांशू ने उससे समझौता करने के बाद पान ठेला में सिगरेट पीने के बहाने बुलाकर चाकू से गर्दन, पेट तथा सीना पर प्राणगातक हमला कर घायल कर दिया।


## शब्द पहेली - 5548



**बाएँ से दाए**
1. बलगम-2
3. जाप, मंत्र पाठ-2
5. काया, बदन-2
7. ठाठ-बाट-2
9. गिरावट, अवनति-3
11. बुरी आदत-2
13. सद, अच्छा-2
15. बंदर-3
17. अपशिष्ट पदार्थ-2
19. थोड़ा-2
22. दबाना, कुचलना-3
24. शारीरिक ऊंचाई-2
26. आम जनता-2
28. पिता के पिता-2
30. पक्षाघात, फालिज-3
32. मनमौजी, अलमस्त-2
34. नवीन-2
36. लोच-3
38. गाड़ी, घोड़ागाड़ी-2
41. बीता हुआ दिन-2
43. लेखनी, पेन-3
45. अधर-2
47. रांझा की प्रेमिका-2
49. अप्सरा, परी-2
51. गर्भ, कोख-3
53. दंड, शिक्षा-2
55. पाश, फंदा-2
57. परखना-3
60. वोट, अभिप्राय-2
62. हत्या-2
64. तिरस्कृत-3
66. शराब-2
67. उद्देश्य-2
68. टूंटी, नलका-2
69. आनंद-2

**ऊपर से नीचे**
1. प्याला-2
2. धर्म आदेश-3
4. क्षण, लमहा-2
6. गगन, आकाश-2
8. सरूर, खुमार-2
10. पति की बहन-3
12. अंधकार-2
14. शर्म, लज्जा-2
16. पासों से भविष्य जानने की विद्या-3
18. भाग्य (अंग्रेजी-2)
20. रहस्य-2
21. कुर्बान-2
23. अनुकृति-3
25. जोर, बल-2
27. नाखून-2
29. दक्षिणा-2
31. पढ़ने वाला-3
33. परत-2
35. भैंस जैसा एक प्राणी-2
37. झगड़ा-3
39. भूमि, धरा-2
40. राहगीर-2
42. रक्त-2
44. मां का प्रेम-3
46. दम-2
48. आनंद-2
50. छुट्टी-2
52. झगड़ना-3
54. प्याला-2
56. प्यार-2
58. असफल-3
59. यमराज-2
61. पैंदा-2
63. संपत्ति-2
65. सम्राट-2

### शब्द पहेली - 5547 का हल



## सूडोकु नवताल- 5559

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 1 | | |
| | | | | 2 | 5 | 7 | 3 | |
| | 9 | 4 | | 6 | 7 | | | 2 |
| | 5 | | 4 | | 3 | | | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | 8 | | 2 | |
| 6 | | | 7 | 4 | | 9 | 5 | |
| | 4 | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | | 8 | | | | 6 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल- 5558 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |

# स्विटजलैंड ने स्कॉटलैंड से खेला ड्रॉ

एजेंसी ▶▶| कोलोन




जेरदान शाकिरी के शानदार गोल की मदद से स्विटजरलैंड ने यूरो फुटबॉल चैंपियनशिप 2024 में स्कॉटलैंड के साथ 1-1 से ड्रॉ खेला। 32 वर्ष के शाकिरी ने लगातार छठे अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में गोल दागा है जिसमें तीन विश्व कप और तीन यूरो चैंपियनशिप शामिल है। स्कॉटलैंड के लिए 13वें मिनट में स्कॉट मैक टोमिने के पास पर फेबियन शार ने पहला गोल दागा। शाकिरी ने 26वें मिनट में बराबरी का गोल किया। इस ड्रॉ के बाद स्विटजरलैंड के चार अंक है और वह ग्रुप ए में जर्मनी के बाद दूसरे स्थान पर है। जर्मनी ने हंगरी को 2-0 से हराकर अंतिम 16 में जगह बना ली है।

## ईस्ट बंगाल ने क्लेटन का अनुबंध बढ़ाया

**कोलकाता।** ईस्ट बंगाल ने कप्तान क्लेटन सिल्वा के अनुबंध में एक साल का विस्तार किया है जो 2024-25 सत्र के अंत तक चलेगा। सुपर कप फुटबॉल चैंपियन टीम ने गुरुवार को यह घोषणा की। क्लेटन इस साल की शुरुआत में सुपर कप में ईस्ट बंगाल के विजयी अभियान के दौरान शीर्ष स्कोरर थे और उन्होंने इंडियन सुपर लीग में भी टीम के लिए सबसे अधिक गोल किए। ईस्ट बंगाल के साथ अपना सफर जारी रखने को लेकर खुश क्लेटन ने कहा, 'मैंने हमेशा अपने प्रशंसकों और अपनी टीम के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ दिया है। ईस्ट बंगाल के साथ सुपर कप जीतना हमेशा मेरे करियर के सबसे शानदार क्षणों में से एक रहेगा।' क्लेटन के विस्तार का मतलब है कि ईस्ट बंगाल की टीम में भारत के तीन प्रमुख घरेलू टूर्नामेंटों के शीर्ष गोल स्कोरर रहेंगे जिसमें दिमित्रियोस डायमेंटाकोस (आईएसएल), क्लेटन (सुपर कप) और डेविड लालहलनसांगा (डूरंड कप) शामिल हैं।

## चेन्नईयिन ने ब्रैम्बिला को टीम से जोड़ा

**चेन्नई।** चेन्नईयिन एफसी ने इंडियन सुपर लीग 2024-25 सत्र से पहले गुरुवार को ब्राजील के मिडफील्डर लुका ब्रैम्बिला से एक साल का करार किया। ब्रैम्बिला इससे पहले साइप्रस के शीर्ष टीयर क्लब ओथेलोस एथियनोऊ से जुड़े थे। इस तरह चेन्नईयिन एफसी ने आगामी सत्र से पहले नौवें खिलाड़ी से अनुबंध किया और यह उनका चौथा विदेशी खिलाड़ी भी है। इससे पहले एल्सिन्हो डायस, चीमा चुक्वु और विल्मर जोर्डन गिल क्लब से जुड़ने वाले विदेशी खिलाड़ी थे। मुख्य कोच ओवेन कोएल ने कहा, 'लुकास ब्रैम्बिला शानदार खिलाड़ी है और युवा भारतीय खिलाड़ियों को उसके कौशल से काफी फायदा होगा।'




### टी20 विश्व कप : सुपर-8 : बुमराह और अर्शदीप ने झटके 3-3 विकेट

# भारत टी20 वर्ल्ड कप में अजेय अफगान पर दर्ज की चौथी जीत

एजेंसी ▶▶| ब्रिजटाउन

भारत ने आईसीसी टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण के ग्रुप एक मैच में गुरुवार को यहां अफगानिस्तान को 47 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ टीम इंडिया मौजूदा टी-20 वर्ल्ड कप में अजेय है, एक मैच बारिश के कारण बेनतीजा रहा। भारत के 182 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अफगानिस्तान की टीम 20 ओवर में 134 रन पर सिमट गई। भारत ने सूर्यकुमार की 53 रन की पारी और हार्दिक पंड्या के साथ उनकी पांचवें विकेट के लिए 37 गेंद में 60 रन की साझेदारी से आठ विकेट पर 181 रन बनाए। विराट कोहली और ऋषभ पंत ने भी उपयोगी पारियां खेली। जसप्रीत बुमराह (सात रन पर तीन विकेट), अर्शदीप सिंह (36 रन पर तीन विकेट) और कुलदीप यादव (32 रन पर दो विकेट) की उम्दा गेंदबाजी की। रविंद्र जडेजा (20 रन पर एक विकेट) और अक्षर पटेल (15 रन पर एक विकेट) ने एक-एक विकेट चटकाया।




### भारत ने अब तक नहीं गंवाया कोई मैच

रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय टीम ने इस वर्ल्ड कप के पहले राउंड यानी ग्रुप स्टेज में अपना एक भी मैच नहीं गंवाया था। उसने 4 में से 3 मैच जीते और एक बारिश से धुल गया था। अब सुपर-8 राउंड का पहला मैच भी जीत लिया है। जबकि अफगानिस्तान टीम ने 4 में से 3 मैच जीते और 1 गंवाया था। उसने लगातार दूसरा मैच गंवाया है। अफगानिस्तान ने ग्रुप स्टेज में न्यूजीलैंड जैसी टीम को 84 रनों से हराया था।

## इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को आठ विकेट से रौंदा, साल्ट ने खेली तूफानी पारी



**ग्रोस आइलेट।** फिल साल्ट के 47 गेंद में नाबाद 87 रन की मदद से गत चैंपियन इंग्लैंड ने टी20 विश्व कप सुपर आठ चरण के अपने पहले मैच में सह मेजबान वेस्टइंडीज को गुरुवार को आठ विकेट से हराया। अफगानिस्तान को आखिरी ग्रुप मैच में हराने वाली वेस्टइंडीज टीम ने पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर चार विकेट पर 180 रन बनाए लेकिन जवाब में इंग्लैंड की टीम ने ग्रुप दो के मैच में 17.3 ओवर में ही दो विकेट पर 181 रन बना लिए। साल्ट ने अपनी आक्रामक पारी में सात चौके और पांच छक्के लगाए। वहीं जॉनी बेयरस्टो ने 26 गेंद में नाबाद 48 रन जोड़े जिसमें पांच चौके और दो छक्के शामिल थे।

### आस्ट्रेलिया के सामने बांग्लादेश की चुनौती

**नॉर्थ साउंड।** कागजों पर भले ही यह मुकाबला एकतरफा नजर आता हो लेकिन ऑस्ट्रेलिया को टी20 विश्व कप के सुपर 8 के ग्रुप एक में शुक्रवार को यहां होने वाले मैच में बांग्लादेश के खिलाफ जीत दर्ज करने के लिए अपना ऑलराउंड खेल दिखाना होगा। ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ियों को इस मुकाबले में उतरने से पहले यह बात अच्छी तरह गांठ बांध लेनी चाहिए कि बांग्लादेश को हल्के से लेना टीम पर भारी पड़ सकता है।

घरेलू क्रिकेट सत्र

## भारतीय क्रिकेट टीम 5 महीने में तीन देशों को देगी कड़ी टक्कर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम अगले 5 महीने (सितंबर 2024 से फरवरी 2025 तक) अपने घर में धूम मचाने वाली है। उसकी बांग्लादेश, न्यूजीलैंड और फिर इंग्लैंड से टक्कर होनी है। इसको लेकर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने पूरा शेड्यूल घोषित कर दिया है। शेड्यूल के मुताबिक, भारतीय टीम को इस दौरान 5 टेस्ट, 8 टी20 मुकाबले और 3 वनडे मैच खेलना है। शेड्यूल का आगाज बांग्लादेश के खिलाफ 2 मैचों की टेस्ट सीरीज से होगा। इसके बाद बांग्लादेश के खिलाफ ही 3 टी20 मुकाबलों की सीरीज होगी।बांग्लादेश के खिलाफ दोनों सीरीज 19 सितंबर से 12 अक्टूबर तक खेली जाएंगी। इसके बाद अक्टूबर में न्यूजीलैंड टीम भारत दौरे पर आएगी। इस दौरान दोनों टीमों के बीच 3 टेस्ट मैचों की सीरीज होगी, जो 16 अक्टूबर से 5 नवंबर तक चलेगी। फिर जनवरी में इंग्लैंड टीम का भारत दौरा होगा।



**बांग्लादेश का भारत दौरा**

| दिनांक | प्रारूप | शहर |
|---|---|---|
| 19-24 सितंबर | टेस्ट | चेन्नई |
| 27 सितंबर-1 अक्टूबर | टेस्ट | कानपुर |
| 6 अक्टूबर | टी20 | धर्मशाला |
| 9 अक्टूबर | टी20 | दिल्ली |
| 12 अक्टूबर | टी20 | हैदराबाद |

**न्यूजीलैंड का भारत दौरा**

| | | |
|---|---|---|
| 16-20 अक्टूबर | टेस्ट | बेंगलुरु |
| 24-28 अक्टूबर | टेस्ट | पुणे |
| 1-5 नवंबर | टेस्ट | मुंबई |

**इंग्लैंड का भारत दौरा**

| | | |
|---|---|---|
| 22 जनवरी | टी20 | चेन्नई |
| 25 जनवरी | टी20 | कोलकाता |
| 28 जनवरी | टी20 | राजकोट |
| 31 जनवरी | टी20 | पुणे |
| 2 फरवरी | टी20 | मुंबई |
| 6 फरवरी | वनडे | नागपुर |
| 9 फरवरी | वनडे | कटक |
| 12 फरवरी | वनडे | अहमदाबाद |






## खबर संक्षेप

### बच्चे के जीवन में अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं पिता

रायपुर। विधानसभा रोड स्थित अंबुजा मॉल के सेलीब्रेशन प्लाजा में फादर्स डे के उपलक्ष्य में पापा है तो मुमकिन है कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता सावित्री जगत ने कहा कि पिता का बच्चे के जीवन में महत्व अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। पिता न केवल परिवार के मुखिया होते हैं, बल्कि वे बच्चे के पहले आदर्श, मार्गदर्शक और संरक्षक भी होते हैं। उनके बिना बच्चे का विकास अधूरा रह जाता है। पिता अपने अनुभव और ज्ञान के माध्यम से बच्चे को जीवन के संघर्षों से जूझने की क्षमता सिखाते हैं। कार्यक्रम के आयोजक अनिल जोतसिंघानी रहे। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल सहित मुकेश शाह, जयेंद्र नारंग, भाजयुमो नेता पन्ना दुबे एवं ज्यूरी के रूप में मधु फाउंडेशन की अध्यक्ष स्मिता पांडे, सचिव मोनिका साहू के साथ डॉ. संयुक्ता गांधी मौजूद रहीं।

### स्कूलों में विषयवार हो शिक्षकों की नियुक्ति

रायपुर। छत्तीसगढ़ पैरेंट्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष क्रिष्टोफर पॉल ने बताया कि पूर्व की कांग्रेस सरकार ने भर्ती पदोन्नति में संशोधन कर सरकारी मिडिल स्कूलों में शिक्षकों को कोई की संकाय पढ़ाने का फरमान जारी किया, जिसका विषय विशेषज्ञों ने खुलकर विरोध किया और मामला कोर्ट तक पहुंचा, लेकिन आज पर्यंत मामला कोर्ट में विचाराधीन ही रह गया। विषय विशेषज्ञों को अब नई सरकार से उम्मीद है कि विषय बाध्यता पुनः लागू की जाए, क्योंकि इसका प्रावधान शिक्षा का अधिकार कानून में भी है। श्री पॉल इस मामले को लेकर विगत एक वर्ष से जिम्मेदार अधिकारियों को यह जानकारी दे रहे हैं कि सरकारी मिडिल स्कूलों में विशेष विशेषज्ञों की तैनाती जरूरी है, क्योंकि इस बगैर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा संभव ही नहीं है। श्री पॉल का कहना है कि कोई भी शिक्षक कोई भी विषय नहीं पढ़ा सकता है। शिक्षकों की भर्ती विषयवार ही की जानी चाहिए। ऐसा शिक्षा का अधिकार कानून में भी प्रावधान है, लेकिन पूर्व की सरकार ने विषय बाध्यता हटा दी थी, जो समझ से परे है।

### धान उपार्जन पर मंत्रिमंडलीय समिति की बैठक

**रायपुर।** आगामी विपणन वर्ष 2024-25 में धान उपार्जन की प्रारंभिक तैयारी के संबंध में गुरुवार को मंत्रालय महानदी भवन में खाद्य मंत्री दयालदास बघेल की अध्यक्षता में मंत्री मंडलीय उप समिति की बैठक हुई। इस अवसर पर कृषि मंत्री रामविचार नेताम, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा शामिल हुए। बैठक में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में धान उपार्जन की आरंभिक तैयारी की समीक्षा की गई। मंत्रिमंडलीय उप समिति की बैठक में धान उपार्जन के लिए बारदाने की व्यवस्था और किसान पंजीयन खरीदी केन्द्रों की व्यवस्था के संबंध में व्यापक विचार-विमर्श किया गया। बैठक में खाद्य विभाग एवं मुख्यमंत्री के सचिव बसवराजू एस., कृषि विभाग की सचिव एवं कृषि उत्पादन आयुक्त शहला निगार, सचिव राजस्व अविनाश चंपावत, सचिव सहकारिता सीआर प्रसन्ना, विशेष सचिव खाद्य केडी कुंजाम, प्रबंध संचालक मार्कफेड रमेश शर्मा, खाद्य विभाग के संचालक जितेन्द्र शुक्ला सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# हिंडाल्को का बायोपार्क बना तितलियों का नया आशियाना

हरिभूमि न्यूज/ बलरामपुर

जिले के कुसमी प्रखंड के तहत सामरी माइंस लीज क्षेत्र में हिंडाल्को ने पर्यावरण को एक शानदार सौगात दी है। यहां अमटाही बॉक्साइट माइंस में माइनिंग पूरी होने के बाद 15 एकड़ की जमीन को फिर से हरा-भरा कर दिया गया है। इस भूखंड पर 5 एकड़ में एक बायोपार्क बनाया गया है। साथ ही पांच एकड़ में तालाब और बायोपार्क के 0.9 एकड़ जमीन पर एक हर्बल गार्डन का निर्माण किया गया है, जहां 35 अलग-अलग तरीके के औषधिय पौधे लगाए गए हैं। सस्टनेबल माइनिंग की योजना पर काम कर रहे हिंडाल्को का यह प्रयास पूर जिले के पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। यहां बायोपार्क में तितलियों का झुंड इस बात की गवाही दे रहा है कि यहां जीव के लिए अनुकूल वातावरण तैयार हो चुका है।

पर्यावरण संरक्षण और प्रकृति को उसकी धरोहर उसके मूल स्वरूप में वापस करने की दिशा में हिंडाल्को ने सस्टेनबल माइनिंग की योजना के तहत इस बायोपार्क का निर्माण कराया है। 15 एकड़ में फैले इस पार्क का निर्माण करीब 15 महीने में पूरा हो पाया। यहां इस बात का विशेष ध्यान रखा गया कि माइनिंग के कारण जमीन की उर्वरकता बर्बाद न हो। इसके लिए जमीन की मिट्टी के उपरी सतह को अलग सुरक्षित रखा गया और माइनिंग पूरी होने का बाद उस मिट्टी को फिर से वापस बिछाकर प्राकृतिक पूर से पौधारोपण





## माइनिंग की जा चुकी 15 एकड़ जमीन ने ओढ़ी हरियाली की चादर

का कार्य किया गया। यहां 2 एकड़ में चाय के 16 हजार से अधिक पौधे लगाए गए हैं जो धीरे-धीरे चाय बगान की शक्ल ले रहे हैं। हिंडाल्को माइनिंग एंड मिनरल बिजनेस के बिजनेस हेड कैलाश पांडेय ने बताया की हिंडाल्को पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिबद्ध है। हम गुणवत्तापूर्ण माइनिंग के साथ-साथ प्रकृति और समाज को उसकी धरोहर वापस देने की दिशा में सतत प्रयत्नशील हैं। हमारा उद्देश्य और लक्ष्य है कि माइनिंग करन के बाद जमीन को इतना उपयोगी बनाया जाए की वह फिर से उपयोग में लाई जा सके।

सामरी लीज क्षेत्र में कंपनी द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों के बारे में जानकारी देते हुए बॉक्साइट वर्टिकल के प्रमुख बिजेश ने बताया कि प्रकृति से हम जो कुछ लेते हैं, उसे उसके उसी स्वरूप में लौटाने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। हम सामरी लीज क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण के साथ ही सीएसआर की कई महती योजनाओं पर कार्य कर रहे हैं जिसका लाभ समुदाय को हो रहा है।

सामरी की रहने वाली 22 वर्षीय पार्वती यादव कहती हैं कि इस बायोपार्क के बनने से हमें एक प्राकृतिक उपहार मिला है। पहले हमारे पूरे इलाके में ऐसा कोई पार्क नहीं था जहां हम घूम सकें। यहां आने से ऐसा लगता है कि हम प्रकृति की गोद में बैठे हैं। वहीं बाटा गांव की निवासी सीमा कुमारी बताती हैं कि हमारे यहां जब भी कोई आता है, हम उसे इस पार्क में घुमाने ज़रूर लाते हैं। यहां बायोपार्क में तरह-तरह के फूल पौधे देखने को मिलते है और यह इतना बड़ा है कि यहां आने से हमें बहुत मजा आता है।

### पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिबद्ध

हिंडालको पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिबद्ध है। हम गुणवत्तापूर्ण माइनिंग के साथ-साथ प्रकृति और समाज को उसकी धरोहर वापस करने की दिशा में सतत प्रयासरत हैं। हमारा उद्देश्य और लक्ष्य है कि मीनिंग करने के बाद जमीन को इतना उपयोगी बना दिया जाए कि वह फिर से लोगों के काम आ सके।

**कैलाश पांडे**, बिजनेस हेड, हिंडालको

# शराब कारोबारी सरकार के खिलाफ जा सकते हैं कोर्ट, इससे पहले लगाया गया कैविएट

हरिभूमि न्यूजः रायपुर।

छत्तीसगढ़ में विदेशी शराब की थोक खरीदी के लिए लाइसेंसी-व्यवस्था को समाप्त करते हुए शराब निर्माताओं से सीधे शराब की खरीदी करने का निर्णय लिया गया है। सरकार के इस निर्णय पर शराब कारोबारी कोर्ट जा सकते हैं, इसे देखते हुए आबकारी विभाग ने हाईकोर्ट में कैविएट दायर किया है। राज्य सरकार ने सीधे शराब निर्माताओं से शराब की थोक खरीदी के लिए छत्तीसगढ़ ब्रेवरेज कार्पोरेशन को जिम्मेदारी दी है।

कैबिनेट की बैठक में लिए गए निर्णय के बाद राज्य शासन की ओर से इस मामले में कोर्ट कैविएट दायर कर दिया है। फैसले पर शराब कारोबारी रोक लगाने कोर्ट का रुख कर

## पूर्ववर्ती भाजपा सरकार की पुरानी व्यवस्था फिर से लागू

सकते हैं। राज्य शासन का कहना है कि शराब के कारोबार को भ्रष्टाचार मुक्त और पारदर्शी बनाने के लिए ऐसा निर्णय लिया गया है। शराब खरीदी-बिक्री के प्रकरणों में कांग्रेस सरकार पर लगे भ्रष्टाचार और घोटालों के आरोपों की जांच शुरू कर दी थी। पिछली सरकार पर जिन घोटालों के गंभीर आरोप लगे थे, उनमें शराब घोटाला प्रमुख था। कांग्रेस की तत्कालीन सरकार ने पिछली भाजपा सरकार द्वारा बनाई गई आबकारी नीति में संशोधन कर एफएल-10 लाइसेंस का नियम बनाया और अपनी चहेती फर्मों को सप्लाई का जिम्मा दे दिया, इससे राज्य में जहां अवैध शराब, नकली शराब की बिक्री धड़ल्ले से होने लगी, वहीं नकली होलोग्राम, बोतलों की स्कैनिंग किए बिना घटिया शराब बेची गई। राज्य सरकार को करोड़ों रुपए के राजस्व का नुकसान हुआ। राज्य सरकार ने शराब की खरीदी बिक्री को पारदर्शी बनाए रखने यह निर्णय लिया है।

छत्तीसगढ़ विदेशी शराब के कारोबार में कई कारोबारी लगे थे। सरकार के इस फैसले से उन्हें करोड़ों का नुकसान संभव है। ऐसे में उन कारोबारियों द्वारा मामले को कोर्ट में चुनौती दी जा सकती है। मामले में याचिका स्वीकार करने से पूर्व सरकार का पक्ष सुना जाए, उसे लेकर कैविएट लगाया गया है। नए वित्तीय वर्ष के बाद शराब के कारोबार में विदेशी शराब की सप्लाई ब्रेवरेज कार्पोरेशन के माध्यम से लाइसेंसी कारोबारियों से खरीद कर की जा रही थी। कई ब्रांड नहीं मिल रहे थे। वही ब्रांड भी उपलब्ध होता था, जो लाइसेंसी द्वारा सप्लाई की जा रही थी।

### पुरानी व्यवस्था फिर लागू

विदेशी शराब की खरीदी के लिए पूर्ववर्ती भाजपा सरकार की पुरानी व्यवस्था को फिर से लागू कर दिया गया है। इसके तहत विदेशी शराब की खरीदी एजेंसी द्वारा की जाएगी और उसी की आपूर्ति शराब कांउटरों पर की जाएगी। उपभोक्ताओं को इससे गुणवत्तापूर्ण उत्पाद के साथ अपनी पसंद के ब्रांड के उत्पाद उपलब्ध होंगे।

# विष्णु के सुशासन में जनता के साथ विपक्ष भी खुशः केदार

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

प्रदेश के वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा, प्रदेश में भाजपा की सरकार आने से जनता और किसान बहुत खुश हैं। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के गुरुवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए एक ट्विट का हवाला देते हुए श्री कश्यप ने कहा, जनता तो जनता, विपक्ष के नेता और कांग्रेस के नेता पूर्व मुख्यमंत्री बघेल ने धान की खेती करते हुए बहुत हर्ष के साथ एक पोस्ट की है, जिसमें वह बहुत खुश दिख रहे हैं। श्री कश्यप ने कहा, श्री बघेल को भी अब धान की कीमत 3100 रुपए प्रति क्विंटल मिलेगी और वह भी चार किस्तों में नहीं मिलेगी, बल्कि एकमुश्त मिलेगी। इसी प्रकार धान की खरीदी कांग्रेस की तरह 15 क्विंटल नहीं, बल्कि 21 क्विंटल प्रति एकड़ की जा रही है। यही तो मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का सुशासन है, जिसमें जनता के साथ विपक्ष के कांग्रेस के नेता यहां तक कि पूर्व मुख्यमंत्री भी प्रसन्न हैं। श्री कश्यप ने कहा, भूपेश बघेल ने बड़े हर्ष के साथ धान की खेती की तैयारियों का जायजा लिया है। ऐसा हो भी क्यों न, आखिरकार उन्हें भी पूरे 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान की कीमत मिलेगी। अब कांग्रेस की सरकार तो चली गई और विष्णु के सुशासन में सब खुश हैं। श्री कश्यप ने कहा, श्री बघेल भाजपा की प्रदेश सरकार के खिलाफ चाहे जितना अनर्गल प्रलाप करके प्रदेश में अपने राजनीतिक झूठ का रायता फैलाएं, लेकिन प्रदेश की भाजपा सरकार के किसान हित के फैसलों का लाभ श्री बघेल को भी उतना ही मिला है और आगे भी मिलेगा, जितना प्रदेश के किसानों के भाजपा की सरकार से मिला है और आगे भी मिलेगा।

# प्रदेश में मंत्री के दो पदों के लिए थोक में दावेदार

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार में अब दो मंत्रियों के पद खाली हो गए हैं। पहले से ही एक पद खाली था, अब बृजमोहन अग्रवाल के सांसद बनने के बाद उनके मंत्री पद से भी इस्तीफा देने के बाद अब दो पद खाली हो गए हैं। इसके लिए थोक में भाजपा के विधायक दावेदार हैं। मंत्री पद पर नए चेहरों की भी नजरें हैं। राष्ट्रीय नेतृत्व की मर्जी से ही मंत्री पद से विधायकों को नवाजा जाएगा। अगले माह से विधानसभा का मानसून सत्र होने वाला है, इस सत्र से पहले नए मंत्री तय होने की बात की जा रही है।

प्रदेश में एक बार फिर से भाजपा सरकार बनने के बाद विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री बनाया गया तो उनके मंत्रिमंडल में एक पद छोड़कर बाकी मंत्री बना दिए गए। एक पद के लिए लंबे समय से इंतजार चल रहा है। इसको लेकर पहले ही दावेदार दौड़ और जुगाड़ लगा रहे थे। वरिष्ठ भाजपा नेता बृजमोहन अग्रवाल ने सांसद बनने के बाद अंततः विधायक पद के बाद मंत्री पद से भी इस्तीफा दे दिया है। अब मंत्री के दो पद खाली

## अगले माह विधानसभा सत्र से पहले नए मंत्री बनाने की तैयारी



हो गए हैं। इस पर नियुक्ति की तैयारी प्रारंभ हो गई है। मंत्री के दो पदों के लिए थोक में दावेदार हैं। राजधानी रायपुर से बृजमोहन अग्रवाल का पद खाली होने के बाद रायपुर से ही एक मंत्री बनाए जाने की संभावना ज्यादा है। ऐसे में जहां पूर्व मंत्री और रायपुर पश्चिम के विधायक राजेश मूणत बड़े दावेदार हैं, वहीं रायपुर उत्तर के पुरंदर मिश्रा और रायपुर ग्रामीण के विधायक मोतीलाल साहू के दावे को भी दरकिनार नहीं किया जा सकता। अगर राष्ट्रीय संगठन ने नए चेहरे को मौका देने का मन बनाया तो नए विधायक में से किसी की भी लाटरी लग सकती है। इसी तरह से एक और पद के लिए कई दावेदार हैं। इनमें बिलासपुर के विधायक पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल, बिल्हा के विधायक और पूर्व नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक, कुरुद के विधायक अजय चंद्राकर, दुर्ग के विधायक गजेंद्र यादव, पंडरिया विधायक भावना बोहरा के नाम प्रमुख हैं। भाजपा के सूत्रों का कहना है कि राष्ट्रीय नेतृत्व कोई भी फैसला करने से पहले जातीय समीकरण भी देखेगा। इसके पहले भी मंत्रिमंडल में जातीय समीकरण को संतुलित किया गया है।

### नए-पुराने चेहरों का मिश्रण देखने को मिलेगा : नेताम

प्रदेश के मंत्री रामविचार नेताम ने मंत्रिमंडल को लेकर कहा है, मंत्रिमंडल में किसी भी तरह का बदलाव मुख्यमंत्री का विशेषाधिकार है। उन्होंने नए चेहरों को मौका देने के सवाल पर कहा, नए विधायकों को मौका मिलेगा, तभी तो वे सीनियर होंगे। मंत्रिमंडल में नए और पुराने चेहरों का मिश्रण देखने को मिलेगा।

# पुलिस से भिड़ी यूथ कांग्रेस और एनएसयूआई, घंटेभर झूमाझटकी

**कालीबाड़ी महिला पुलिस थाने के पहले ही रोका गया बैरिकेड लगाकर**

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

गुरुवार दोपहर यूथ कांग्रेस, एनएसयूआई और महिला कांग्रेस की पुलिस से घंटेभर झूमाझटकी होती रही। प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था, निर्दोष लोगों की गिरफ्तारी और लगातार बढ़ते आपराधिक मामले को लेकर एनएसयूआई और युवा कांग्रेस सहित महिला कांग्रेस गृहमंत्री विजय शर्मा के निवास का घेराव करने निकली थी। गांधी मैदान स्थित पुराने कांग्रेस भवन से घेराव करने सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता निकले। इसके पहले ही पुलिस द्वारा बैरिकेड्स बनाकर सभी को रोक लिया गया। इस दौरान लगभग एक घंटे तक पुलिस की कांग्रेस कार्यकर्ताओं से झूमाझटकी होती रही।

कालीबाड़ी महिला पुलिस थाने के पहले बैरिकेड्स लगाकर पुलिस द्वारा मार्ग अवरुद्ध किया गया था। कार्यकर्ताओं ने बैरिकेड्स तोड़ने की कोशिश की। कई को पुलिस घसीटते हुए लेकर गई। कांग्रेस प्रदर्शनकारियों की संख्या को देखते हुए पुलिस बल भी पर्याप्त मात्रा में तैनात रहा। महिला पुलिस की भी तैनाती की गई थी। राज्यसभा सांसद फूलों देवी नेताम, पूर्व विधायक विकास उपाध्याय, शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे, युवा कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष आकाश शर्मा, एनएसयूआई प्रदेशाध्यक्ष नीरज पांडे के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता इस आंदोलन का हिस्सा बने। पुलिस द्वारा रास्ता रोके जाने के बाद बैरिकेड के इस पास ही कार्यकर्ताओं ने गृहमंत्री का पुतला दहन किया। वे रोड पर ही बैठकर नारेबाजी करते रहे। एनएसयूआई और यूथ कांग्रेस ने गृहमंत्री से इस्तीफे की मांग करते हुए कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था लचर हो चुकी है। चाकूबाजी की घटनाएं आम हो चुकी हैं। थाना परिसर के अंदर भी चाकू चलाए जा रहे हैं। जब से भाजपा की सरकार आई है, तब से कानून व्यवस्था लाचार दिखने लग गई है। पुलिस निर्दोष लोगों को जेल में डालने का कार्य कर रही है। इन सबकी जिम्मेदारी लेते हुए गृहमंत्री को इस्तीफा प्रदान कर देना चाहिए।

नगर निगम की ओर जाने वाला मार्ग दोपहर बाद तक बंद रहा। राहगीरों को इसके कारण परेशानियों का सामना करना पड़ा। उन्हें गंतव्य तक पहुंचने लंबी दूरी तय करनी पड़ी। पुलिस संग खींचतान के दौरान कई कार्यकर्ताओं को हल्की चोटें भी आईं। हालांकि प्रदर्शन के दौरान पुलिस द्वारा लाठीचार्ज तथा अधिक बल प्रयोग से परहेज किया गया।




हरिभूमि कम्युनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com